# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025


**पुरुष और महिला मरीज एक ही बेड पर पाए गए**

# मरीज को आईसीयू में ले गए, फोटो खींचा और काटे रुपए, कहीं आयुर्वेद डा. से कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकार ने आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पतालों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर दी। कई नामचीन अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया। हरिभूमि के पास सभी अस्पतालों की कुंडली है। अस्पतालों ने किस-किस तरह से फर्जीवाड़ा किया है। रायपुर के मोर हास्पिटल में मरीजों को आईसीयू की ड्रेस पहनाकर फोटो खींचकर जनरल वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। बिलासपुर के मार्क अस्पताल और श्रीमंगाल अस्प्ताल में एमबीबीएस डाक्टर की जगह बीएएमएस डाक्टर मरीजों का उपचार कर रहे थे। लगभग सभी अस्पतालों में योजना के तहत मरीजों की कम एंट्री

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

**रायपुर के श्रीश्याम अस्पताल में जांच दल को रिश्वत देने का प्रयास किया गया** | **बिलासपुर के दो अस्पतालों में बीएएमएस डॉक्टर कर रहे थे मरीजों का इलाज**


नेशनल फ्रॉड यूनिट से मिली फाल्स क्लेम ट्रिगर की जानकारी

निजी अस्पतालों में सर्जिकल स्ट्राइक, फर्जीवाड़े में 23 आयुष्मान योजना से निलंबित, पांच को वार्निंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छापेमारी लीक होने का डर

फर्जीवाड़े में धरे गए यह अस्पताल

### बिलासपुर के दो अस्पतालों में बीएएमएस डॉक्टर

*बिलासपुर के एक मार्क हास्पिटल में तो एमबीबीएस डाक्टरों का वेतन बचाने के लिए बीएएमएस डाक्टरों से इलाज कराया जाता था। वहां एक मरीज से उपचार का प्रतिदिन शुल्क लिया जाता था और योजना से केवल बेड चार्ज ही काटा जा रहा। सभी अस्पतालों में एक फर्जीवाड़ा कॉमन थी कि उनके द्वारा योजना के हितग्राहियों से अतिरिक्त पैसा लिया जाता था और ज्यादा मरीज होने के बाद कम एंट्री दिखाकर योजना के लिए पैकेज ब्लाक किया जाता था।*

और उनसे अतिरिक्त शुल्क मांगने की शिकायत मिली। वहीं श्रीश्याम अस्पताल में गड़बड़ी पाए जाने के बाद जांच टीम को रिश्वत देने के प्रयास किया गया। जांच रिपोर्ट में उसका उल्लेख किया गया है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के निर्देश पर आयुष्मान एवं शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन करने वाली स्टेट नोडल एजेंसी ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के 28 निजी अस्पतालों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक किया था और गड़बड़ियां पकड़े जाने पर उनके खिलाफ अलग-अलग अवधि में निलंबन और चेतावनी जारी करने की कार्रवाई की थी।

छापामार टीम ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इनपुट में इन अस्पतालों में जाकर जांच की तो कई गंभीर मामले सामने आए। राजधानी के देवेन्द्र नगर इलाके में स्थित मोर हास्पिटल में तो फर्जीवाड़े की हद थी। आईसीयू का ⏭ शेष पेज 6 पर

### फर्जीवाड़ा की तो हद...

- **श्री श्याम हास्पिटल रायपुर:-** सबसे गंभीर लापरवाही जांच के लिए पहुंची टीम को रिश्वत देने की कोशिश की गई। जांच के दौरान एयर और वाटर, फायर एनओसी, बीएमडब्ल्यू समझौता, ब्लड बैंक और एम्बुलेंस अनुबंध नहीं मिला। पुरुष और महिला रोगियों के लिए अलग-अलग शौचालय नहीं। मेडिसिन विशेषज्ञता पैनल में शामिल होने के बाद आईसीयू नहीं।
- **गुडविल हास्पिटल रायपुर:-** आयुष्मान योजना के तहत मरीजों की एंट्री बैकडेट में, विभिन्न जांच के लिए मरीजों से शुल्क लेने की शिकायत। शारीरिक रूप से स्थिर मरीजों को ऑक्सीजन स्पोर्ट वाला बताया गया। एक मरीज दो को बार भर्ती और उसी बीमारी के इलाज के लिए दूसरी बार शुल्क लिया गया।
- **रामकथा हास्पिटल रायपुर:-** एक ही वार्ड में महिला-पुरूष मरीज, सबसे ज्यादा ईएनटी-डीसीआर, नेत्र विज्ञान- पार्टिगियम रिसेक्शन, बिना सुविधा का आईसीयू, योजना के तहत मरीजों की अधूरी फाइल, मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में सूचीबद्ध होने के बावजूद ईएनटी के अलावा कोई अन्य विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। कोई भी एमबीबीएस ड्यूटी डॉक्टर मौजूद नहीं थे।
- **कान्हा हास्पिटल रायपुर:-** लामा ले चुके मरीज का तीन दिन अतिरिक्त इलाज, एक मरीज का अस्पताल के रिकार्ड के अनुसार लिपोमेनिंगोसेले का निदान किया गया था, लेकिन टीएमएस रिकॉर्ड के अनुसार, निमोनिया के तहत बच्चे का उपचार किया गया। योजना के मरीजों से अतिरिक्त पैसा लिया गया।
- **मंगला हास्पिटल बिलासपुर-** जांच के दौरान एंट्री मरीजों की संख्या 30 थी मगर वार्ड में 23 मरीज थी। महिला-पुरुष के लिए एक ही वार्ड, योजना में 11 विशेषज्ञ चिकित्सकों का जिक्र मिले केवल 3, इमरजेंसी वार्ड में गैस पाइप कनेक्शन, मॉनिटर सहित अन्य सामान गायब मिले।

---

**देर रात संदिग्धों को हिरासत में लिया, पुलिस को मिले अहम सुराग, खुलासा संभव**

# सेना की वर्दी में घुसे डकैत, बुजुर्ग भाई-बहनों को बंधक बनाया, 10 मिनट में 60 लाख की डकैती

*नगरीय निकाय मतदान के बीच राजधानी की पॉश कालोनी अनुपम नगर में एक महिला सहित पांच बदमाशों ने बुजुर्ग भाई-बहनों को बंधक बनाकर 10 मिनट के भीतर 60 लाख रुपए की डकैती की है। चार बदमाश बुजुर्ग भाई बहनों के घर सेना की वर्दी में दाखिल हुए थे। डकैती की घटना के 15 मिनट के बाद पुलिस को घटना की जानकारी मिली। डकैत एक कार पर सवार होकर आए थे। डकैतों का कार में भागने का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। बुजुर्ग भाई बहनों की उम्र 70 से 75 वर्ष के बीच है, तीनों अविवाहित हैं। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अनुपम नगर डी-14 में रहने वाले मनोहरा वेल्लू, उनकी बहन प्रेमा वेल्लू तथा रजनी वेल्लू के घर डकैती की घटना हुई है। मनोहर सेवानिवृत्त इंजीनियर हैं। उनकी एक बहन सालेम स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका है। एक अन्य बहन पूर्व में शिक्षिका थी। मनोहरा तथा उनकी बहनों ने पुलिस को बताया कि दोपहर 2.35 बजे पांच लोगों ने उनके घर के दरवाजे की कॉलबेल बजाई। सेना की वर्दी में होने की वजह से मनोहरा ने सभी को अंदर आने दिया और उन्हें एक सोफा पर बैठाया। इसके बाद मनोहरा तथा उनकी बहनों ने महिला सहित पांचों को चाय के लिए ऑफर किया, जिस पर पांचों ने चाय पीने से इनकार कर दिया। इस दौरान एक बदमाश ने मनोहरा से कहा कि आप लोगों ने पुलिस में शिकायत की थी, इस वजह से वे वहां पहुंचे हैं। ⏭ शेष पेज 6 पर

### घर खर्च के लिए रखे 15 से 20 हजार रुपए भी ले भागे






### स्नीफर डॉग पांच सौ मीटर के बाद लौटा

घटना के बाद मौके पर पुलिस के डॉग स्कवॉयड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम पहुंची थी। स्नीफर डॉग घर से पांच सौ मीटर दूर एक गार्डन तक गया, उसके बाद डॉग लौट आया। डकैतों ने अपनी कार को बुजुर्ग भाई बहनों के घर के पास ही पार्क की थी।





### पुश्तैनी जमीन बेचकर जुटाई थी रकम

मनोहर वेणु ने कुछ दिन पहले ही अपनी पुरखौती जमीन का सौदा किया था, जिससे उन्हें 60 लाख रुपए मिले थे। पैसा को उन्होंने घर में अलमारी में रखा था। इससे यह अंदाज लगाया जा रहा है कि डकैतों में से कोई न कोई इससे वाकिफ था कि मनोहर के घर में कैश रखा हुआ था। पुलिस उस एंगल से भी जांच कर रही है।

### चुनाव की वजह से अलर्ट था, 700 जवानों की ड्यूटी लगी थी

डकैत कितने बेखौफ थे इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भरी दोपहरी में घटना को अंजाम दिया। रायपुर की गली-गली में पुलिस तैनात थी। लोगों की भीड़ थी। हर वार्ड में वोट डाले जा रहे थे। पुलिस अफसर और जवान बड़ी संख्या में तैनात थे। लेकिन डकैतों ने खुलेआम वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस का दावा है कि डकैतों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

---

**सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी**

# आयुष्मान के फर्जीवाड़े में छत्तीसगढ़ देश में दो नंबरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना से संबंधित गड़बड़ियों और घोटालों की छिटपुट खबरों के बीच अब एक नया धमाका सामने आया है। राज्यसभा में इसका खुलासा हुआ है कि देश के अलग-अलग राज्यों में हुए फर्जीवाड़े में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे नबंर पर है। यहां 120 करोड़ 34 लाख रुपए का घोटाला उजागर हुआ है। हालांकि पड़ोसी मप्र भी छत्तीसगढ़ से कुछ ही कम निकला है, लेकिन महाराष्ट्र अकेला राज्य है, जहां सबसे कम यानी मात्र 19 हजार रुपए का घोटाला हुआ है।

**खास खबर**

### केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना

मोदी सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हुआ है. संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय धोखाधड़ी विरोधी इकाई ने प्राइवेट हॉस्पिटल के 562.4 करोड़ रुपये के 2.7 लाख क्लेम फर्जी पाए हैं। राज्य स्वास्थ्य एजेंसियां (एसएचए) नियमित डेस्क मेडिकल ऑडिट के साथ-साथ फील्ड ऑडिट भी करती हैं. इसमें कुल 1 हजार 114 अस्पतालों को पैनल से हटा दिया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 549 अस्पतालों को सस्पेंड भी किया गया है।

### किस राज्य में सामने आए कितने मामले




*अब देखते हैं कि किस राज्य में कितने रुपयों के फर्जी क्लेम के केस आए हैं। इस मामले में पहले नंबर पर*

- *उत्तर प्रदेश है जहां 139 करोड़ का फर्जीवाड़ा सामने आया है।*
- *दूसरे नंबर पर छत्तीसगढ़ है जहां 120 करोड़ 34 लाख*
- *तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश 119 करोड़ 34 लाख*
- *चौथें नंबर पर हरियाणा 45 करोड़*
- *केरल में 35 करोड़ का फर्जीवाड़ा*

*इन राज्यों में सबसे कम देश के इन राज्यों में फर्जीवाड़े के सबसे कम राशि के क्लेम मिले हैं। इनमें पहले नंबर पर महाराष्ट्र है जहां मात्र 19 हजार का, दादरा नगर हवेली में 98 हजार, दमन में 1 लाख 39 हजार, लद्दाख में 50 हजार, चंडीगढ़ में 4 लाख 4 हजार रुपए के फर्जी क्लेम सामने आ चुके हैं।*

---

**खबर संक्षेप**

### आज से छत्तीसगढ़ का कुंभ-कल्प, सिकासेर जलाशय से पानी छोड़ा गया

**राजिम।** छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध राजिम मेला बुधवार 12 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। पुन्नी स्नान के लिए सिकासेर जलाशय से पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा गया है, जो राजिम पहुंच चुका है। श्रद्धालुजन नदी की धार में डुबकी लगाएंगे और भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन पूजा करेंगे।



बुधवार को श्री राजीव लोचन का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मेले में साधु संतों के आने का सिलसिला शुरु हो चुका है। कुंभ कल्प मेले का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। राजिम मेले में भीड़ को देखते हुए 800 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। जिसमें एसपी स्तर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अलावा 4 एएसपी 15 डीएसपी 20 टीआई और बड़ी संख्या में एसआई एएसआई हवलदार तथा सिपाही शामिल है। पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से लैस है ।

### तैयारियां पूरी

मेले की पूरी तैयारी हो चुकी है। पर्याप्त मात्रा में सिकासेर जलाशय से पुन्नी स्नान के लिए पानी छोड़ा जा चुका है। इस बार मेले की भव्यता और दिव्यता देखते ही बनेगी। 12 फरवरी से महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक राष्ट्रीय एवं आंचलिक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी।

दीपक अग्रवाल, कलेक्टर

---

**अमेरिकी शुल्क चिंता से हिला बाजार**

# शेयर बाजार फिर धड़ाम, पांच दिन में डूबे 17 लाख करोड़




एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक का गोता लगा गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका के नये सिरे से शुल्क लगाने को लेकर व्यापार युद्ध की आशंका से बाजार नीचे आया। पांच दिनों में निवेशकों को 16.97 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,018.20 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,281.21 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 309.80 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ ⏭ शेष पेज 6 पर

- बीएसई सेंसेक्स 1,018 .20 अंक गिरा
- निफ्टी में भी 309.80 अंकों की गिरावट

### हाहाकार क्यों?

- *टैरिफ लगाने से अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार जैसी स्थिति, जिससे महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा*
- *ट्रंप के सत्ता में आने के बाद कई देशों पर टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद शेयर बाजार का सेंटीमेंट बिगड़ा*
- *डॉलर मजूबत और भारतीय रुपया कमजोर हो रहा है, जिसका निगेटिव इम पैक ट भारतीय बाजार पर दिख रहा*
- *अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की ओर से रेट में कटौती ने भी भारतीय बाजार के लिए निगेटिव इम पैक्ट डाला*
- *ज्यादातर निवेशक अमेरिकी बाजार की ओर आकर्षित हो रहे हैं*
- *भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों द्वारा बड़ी संख या में बिकवाली किया जाना*
- *साल 2025 में अभी तक विदेशी निवेशकों ने 88139 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची है*

---

# जेईई-मेन के पहले एडिशन में 14 छात्रों को मिले 100 पर्सेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2025 के पहले संस्करण में देशभर के 14 छात्रों ने सर्वोच्च 'स्कोर' हासिल किया है। इनमें से अधिकतर छात्र राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। शीर्ष 14 में से 12 उम्मीदवार सामान्य श्रेणी से हैं, जबकि एक-एक अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति श्रेणी से हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 12.58 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। प्रत्येक परीक्षार्थी के ⏭ शेष पेज 6 पर

**12 सामान्य, दो आरक्षण श्रेणी के छात्र**



### छत्तीसगढ़ के 10 छात्रों को 99.5 पर्सेंटाइल

रायपुर। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। कुल 10 शिफ्टों में हुई परीक्षा में 14 स्टूडेंट्स ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर से हर्षल गुप्ता ने 99.954599, हर्ष कुमार ने 99.9172429 और किंशुक केडिया ने 99.9087483 पर्सेंटाइल हासिल की। पृथ्वी देवांगन 99.767314, तनिषा अग्रवाल 99.7588904, श्रीसंत कुमार ⏭ शेष पेज 6 पर

---

# आईईडी ब्लास्ट में सेना के कैप्टन और जवान शहीद, एलओसी पर बड़ी वारदात

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू के निकट अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को एक 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) विस्फोट में सेना के कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और एक जवान घायल हो गया। माना जा रहा है कि इस आईईडी को आतंकवादियों द्वारा लगाया गया था। सेना ने विस्फोट में जवानों के शहीद होने की पुष्टि की है और कहा, हमारे जवानों ने क्षेत्र को घेर लिया है और तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जवान भट्टल इलाके में गश्त कर रहे थे तभी अपराह्न तीन बजकर ⏭ शेष पेज 6 पर



### 100 आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका

*इससे पहले, सोमवार को व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग और लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने राजौरी जिले में एलओसी पर सीमा पार से हो रही आतंकी गतिविधियों पर समीक्षा की थी। खुफिया एजेंसियों ने नियंत्रण रेखा के पार लॉन्च पैड में लगभग 100 आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका जताई है। पाकिस्तान* ⏭ शेष पेज 6 पर

---

**कल 180 सीटर विशेष विमान से जाएंगे, परिवार के एक सदस्य को ले जाने की इजाजत**

# महाकुंभ का न्योता आया...कांग्रेसियों को भी भाया, नेता प्रतिपक्ष ने कहा था-हम नहीं जाएंगे, सात विधायकों ने भर दी हामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिह ने सभी विधायकों और सांसदों को महाकुंभ जाने का न्योता दिया था। प्रयागराज जाने के लिए 180 सीटर विमान की व्यवस्था की गई। सभी की मंशा जानी गई। विधानसभा अध्यक्ष के न्योते पर नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने दो टूक कहा-हम नहीं जाएंगे, जिसे जाना हो वो जाए। तब माना जा रहा था कि कांग्रेस विधायक इससे दूरी ही बनाकर रहेंगे। लेकिन खबर है ⏭ शेष पेज 6 पर

**खास बातें**

- भाजपा संगठन के भी एक दर्जन पदाधिकारी रहेंगे साथ
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी मंत्री भी जाएंगे















### कांग्रेस के ये विधायक जाने तैयार

डा. रमन सिंह के आमंत्रण पर अब तक कांग्रेस के सात विधायक जाने के लिए तैयार हुए हैं। इन विधायकों ने सुशांत शुक्ला को जाने की सहमति दी है। कांग्रेस के जिन विधायकों ने जाने का फैसला किया है, उसमें लैंलूगा की विधायक विद्यावती सिदार, अकलतरा के विधायक राघवेंद्र कुमार ⏭ शेष पेज 6 पर

### एक दर्जन भाजपा नेता भी जाएंगे

प्रदेश भाजपा संगठन के करीब एक दर्जन नेता भी जाएंगे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव तो इनमें विधायक के रूप में शामिल हो जाएंगे, उनके अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के महामंत्री, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी और अन्य पदाधिकारी भी जाएंगे।

# माघ पूर्णिमा आज... श्रद्धालुओं से अपील, थकने पर बीच में न रुकें

## महाकुंभ में मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर 'नो व्हीकल जोन' घोषित

*प्रयागराज महाकुंभ में माघी पूर्णिमा का पांचवां महत्वपूर्ण स्नान पर्व बुधवार को होगा, जिसके लिए लाखों श्रद्धालु संगम में पुण्य अर्जित करने पहुंच रहे हैं। पिछले एक महीने से मेला क्षेत्र में कल्पवास कर रहे श्रद्धालु इस दिन के स्नान के बाद अपने घरों को लौटना शुरू कर देंगे। जिन कल्पवासियों का 12 वर्षों का संकल्प पूरा हो गया है, वे स्नान के बाद 'सझिया दान' करेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। वहीं, प्रयागराज में उमड़ी भीड़ के कारण लगे जाम की स्थिति में अब सुधार हुआ है, क्योंकि सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कदम उठाए हैं।*

### केवल आपातकालीन वाहनों को अनुमति

महाकुंभ मेले में तैनात एएसपी विशाल यादव ने कहा कि आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हमने नो-व्हीकल जोन बनाया है, ताकि लोगों को पैदल चलने की जगह मिले। केवल आपातकालीन वाहनों और खाद्य सामग्री ले जाने वाले वाहनों को ही अनुमति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्टॉल हटाए जा रहे हैं और लोगों से कहा जा रहा है कि वे ट्रैफिक से बचने के लिए कहीं भी न रुकें।




### महाकुंभ पार्किंग से मेला क्षेत्र तक मिलेंगे शटल

एसीपी विशाल यादव ने कहा कि अगर कोई बच्चा या बड़ा थका हुआ है तो हम उन्हें पुलिस स्टेशन पर रोकते हैं, उन्हें आराम और पानी देते हैं और फिर वे फिर से आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र और कमिश्नरेट के बाहरी इलाकों में पार्किंग की सुविधा की गई है। लोगों को पार्किंग से मेला तक लाने के लिए शटल बसें भी लगाई गई हैं। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे बीच में कहीं भी न रुकें या सोएं और लगातार चलते रहें। अगर थके हुए हैं, तो नजदीकी पुलिस स्टेशन जाएं और आराम करें, जहां आपको पानी और अन्य सुविधाएं मिलेंगी।




मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने मंगलवार को सपरिवार महाकुंभ में स्नान किया। उनके साथ उनकी चार पीढ़िया भी कुंभ नगरी पहुंची। उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनंत व राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिति में मां गंगा की पूजा अर्चना की।

## खबर संक्षेप

### 33 दिन में गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में ज्योतिष पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने देश में



गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने और गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने पर निर्णय लेने के लिए केंद्र सरकार को 33 दिनों का समय दिया है। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को शाम पांच बजे के बाद हम कोई कड़ा निर्णय करेंगे। हम पिछले डेढ़ साल से गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए आंदोलन चला रहे हैं। अब हमने निर्णय किया है कि माघी पूर्णिमा के अगले दिन (बृहस्पतिवार) से हम 33 दिनों की यात्रा निकालेंगे। उन्होंने कहा कि यह 33 दिन की यात्रा 17 मार्च को दिल्ली जाकर पूर्ण होगी। केंद्र सरकार के पास निर्णय करने के लिए 33 दिनों का समय है। यदि वह इन 33 दिनों में कोई निर्णय नहीं करती तो हम 17 मार्च को शाम पांच बजे के बाद कोई कड़ा निर्णय करेंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्र माता घोषित किया जाए और गोहत्या को अपराध माना जाए।

### दिल्ली का मुख्यमंत्री 16 फरवरी को ऐलान

**नई दिल्ली।** बीजेपी के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद



से एक ही सवाल है कि दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? इसका जवाब दिल्ली की जनता को जल्द ही मिल जाएगा। खबरों की मानें, तो 16 फरवरी को बीजेपी विधायक दल की बैठक करेगी। इस मीटिंग में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। हालांकि, सीएम की रेस में नई दिल्ली सीट से विधायक प्रवेश वर्मा का नाम सबसे आगे चल रहा है। वहीं इस बात को लेकर भी चर्चा हो रही है कि बीजेपी किसी महिला विधायक को दिल्ली की सीएम बना सकती है। दरअसल, दिल्ली में आठ फरवरी को विधानसभा के नतीजे घोषित हुए थे, तब से दिल्ली के अगले सीएम को लेकर बीजेपी में मंथन जारी है और सभी 48 विधायकों के साथ शीर्ष नेता संपर्क में है। हालांकि, तीन दिन बाद भी बीजेपी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। उम्मीद है कि 16 फरवरी को होने वाली बैठक में सीएम के नाम की मुहर लग जाएगी।

### अमेरिका : एयरपोर्ट पर निजी जेट्स की टक्कर, 1 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर विमान हादसा हुआ है। यहां एरिजोना के स्कॉट्सडेल एयरपोर्ट



पर सोमवार दोपहर निजी जेट्स की आपस में टक्कर हो गई। इस दौरान कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। स्कॉट्सडेल एयरपोर्ट पर विमानन विभाग के मुताबिक, एक मध्यम आकार का बिजनेस जेट निजी संपत्ति पर पार्क किए गए दूसरे मध्यम आकार के बिजनेस जेट से टकरा गया। केली कुएस्टर ने बताया कि लैंडिंग के दौरान एक जेट रनवे से उतर गया और पार्क किए गए गल्फस्ट्रीम 200 जेट से टकरा गया। प्रारंभिक जांच में आंशका जताई जा रही है कि आने वाले जेट का लैंडिंग गियर काम नहीं कर रहा होगा।

# 'पंजाब में नहीं बदलेगा मुख्यमंत्री, वही नेतृत्व रहेगा, वही काम चलने वाला है'

**केजरीवाल की दो टूक** — *दिल्ली में मिली हार के बाद अटकलें थीं कि आप संयोजक कर सकते हैं पंजाब का रुख*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब में मुख्यमंत्री नहीं बदलने वाला है, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसके संकेत दे दिए हैं। आप विधायकों संग बैठक करने के बाद उन्होंने कहा है कि पंजाब में वही नेतृत्व रहने वाला है और वही काम चलने वाला है। अब यह बयान मायने रखता है क्योंकि दिल्ली में मिली चुनावी हार के बाद ऐसी अटकलें चल पड़ी थीं कि अरविंद केजरीवाल अब पंजाब का रुख करेंगे। लेकिन आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने खुद साफ कर दिया है कि पंजाब में कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं होने वाला है। इसका मतलब साफ है कि भगवंत मान ही आगे भी पंजाब में आम आदमी पार्टी की



सरकार चलाने वाले हैं। वैसे इससे पहले सीएम भगवंत मान ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा था कि पंजाब को किए सारे वादे पूरे होंगे, हर गारंटी को संपन्न किया जाएगा।

### केजरीवाल का मंत्र, मुद्दे पहचानो, डटकर लड़ो

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) का पूरा फोकस पंजाब पर है।राजधानी की हार का असर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर ना पड़े इसके लिए मंगलवार को पंजाब के सभी विधायकों को दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में बुलाया गया था। यहां पर करीब 30 मिनट तक पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नेताओं को मोटिवेट किया। मीटिंग के दौरान उन्होंने नेताओं को तीन मंत्र दिए। उन्होंने कहा- लोगों से जुड़ो, मुद्दों को पहचानों और डटकर लड़ो।सूत्रों की मानें तो इस मीटिंग के बाद अब पार्टी के वर्किंग स्टाइल में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।

### पंजाब को बनाएंगे मॉडल



सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब से हमारे सभी कैबिनेट मंत्री और विधायक यहां आए थे। हमारे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी आए थे। दिल्ली चुनाव में पंजाब के हमारे साथियों ने बहुत मेहनत की, इसलिए उन्होंने उनका धन्यवाद किया। पंजाब में हमारी सरकार लोगों के हित में बहुत काम कर रही है, चाहे बिजली का क्षेत्र हो या शिक्षा का, हम वहां काम कर रहे हैं और हमें इसमें और भी तेजी लानी है। मान ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हार-जीत होती रहती है, हम दिल्ली की टीम के अनुभव का पंजाब में इस्तेमाल करेंगे हमारी पार्टी अपने काम के लिए जानी जाती है, हम धर्म, गुंडागर्दी की राजनीति नहीं करते आज हमारी दिल्ली और पंजाब की टीमों ने मिलकर फैसला किया है कि हम पंजाब को एक मॉडल बनाएंगे और देश को दिखाएंगे।

### मीटिंग के बाद भी सीएम बेचैन : भाजपा



पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पोस्ट किया- 'कपूरथला हाउस में जो कुछ भी हुआ, उससे सीएम भगवंत मान की बेचैनी दूर नहीं हुई क्योंकि बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए वे इतने व्यथित लग रहे थे कि चुटकले सुनाना तो दूर, आज सूखते हुए उनके अपने सुर-ताल मेल नहीं खा रहे थे'।

### दिल्ली रिजल्ट से डरी आप



गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा- आज की बैठक इतनी जल्दी और इतनी घबराहट में बुलाई गई। पंजाब में मध्यावधि चुनाव होंगे। दिल्ली में जो हुआ, वह पंजाब में भी हो सकता है। ये लोग ड्रामेबाज हैं। पंजाब के लोगों को बहादुर पसंद हैं, डरपोक नहीं।

# ब्रिटेन में भी अवैध भारतीय प्रवासियों पर एक्शन, 600 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन में लेबर सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ दिया है। खास कर भारतीय रेस्टोरेंट और छोटे दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है। ट्रंप स्टाइल में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई की जा रही है। देशभर में 828 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें भारतीय रेस्तरां, नेल बार, किराना स्टोर और कार वॉश जैसे भारतीय। इस अभियान के तहत 609 प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 73% अधिक है। ब्रिटिश गृह मंत्री यवेट कूपर खुद इस अभियान की निगरानी कर रही हैं। सरकार का कहना है कि अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए यह अभियान बेहद जरूरी है। इससे ब्रिटेन में गैरकानूनी ढंग से रह रहे दूसरे देश्कों के लोगों की संख्या में भारी कमी आएगी।

- भारतीय रेस्तरां पर ताबड़तोड़ छापे, ट्रंप स्टाइल में कार्रवाई

### गृह मंत्री ने कहा- अवैध प्रवासियों को संरक्षण नहीं मिलेगा

गृह मंत्री यवेट कूपर ने इस छापेमारी अभियान को लेकर कहा



कि ब्रिटेन में अवैध प्रवास को रोकने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा, *"हमारे इमिग्रेशन नियमों का पालन किया जाना चाहिए। वर्षों तक अवैध प्रवासियों को रोजगार देने वाले नियोक्ता बेखौफ थे, लेकिन अब यह बंद होगा।"

### भारतीय प्रवासी कारोबारियों पर पड़ेगा असर

ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के हजारों लोग छोटे व्यापारों से जुड़े हुए हैं, जिनमें रेस्तरां, ग्रॉसरी स्टोर और टेकअवे शॉप शामिल हैं। सरकार के इस कदम का सीधा असर भारतीय समुदाय पर पड़ सकता है। व्यवसायियों का कहना है कि ब्रिटेन में मजदूरों की भारी कमी है और अवैध प्रवासी कम वेतन में काम करने को तैयार रहते हैं, जिससे रेस्तरां और छोटे कारोबार चलते हैं। अगर यह नीति सख्ती से लागू हुई, तो कई कारोबार बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं।

# 'राजधानी दिल्ली में बैठकर सभी मामलों की निगरानी संभव नहीं'

**मॉब लिंचिंग पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग से जुड़ी एक जनहित याचिका का मंगलवार को निपटारा किया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बैठकर मॉब लिंचिंग के मामलों का प्रबंधन नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 2018 के फैसले का हवाला दिया। इसमें भीड़ और गोरक्षकों द्वारा की जाने वाली हिंसा जैसे अपराधों से निपटने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। पीठ ने कहा कि दिल्ली में बैठकर हम देश के विभिन्न राज्यों में होने वाली घटनाओं की निगरानी नहीं कर सकते। जनहित याचिका में राज्यों को 2018 के फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि लिंचिंग और भीड़ हिंसा की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी शीर्ष अदालत द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। जब इस अदालत द्वारा निर्देश जारी किए जाते हैं, तो वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 के मद्देनजर देश के सभी अधिकारियों और अदालतों के लिए बाध्यकारी होते हैं। यदि शीर्ष अदालत द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं होता है, तो पीड़ित व्यक्ति के पास उपाय उपलब्ध है और वह सक्षम अदालतों का दरवाजा खटखटा सकता है।



लिंचिंग पीड़ितों को लगी चोटों के लिए मुआवजे के रूप में न्यूनतम एक समान राशि प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने के लिए एक अन्य प्रार्थना पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि पर्याप्त और उचित मुआवजा क्या हो सकता है, क्योंकि यह हर मामले में अलग-अलग होगा। यदि ऐसी घटना में किसी व्यक्ति को साधारण चोट लगी है और दूसरे को गंभीर चोटें आई हैं, तो एक समान मुआवजा देने का निर्देश अन्यायपूर्ण होगा।

### एटीएम पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की तैनाती जरूरी नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को गौहाटी हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। इसमें एटीएम पर चौबीसों घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करने का आदेश दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कुछ बैंकों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी एटीएम पर चौबीसों घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करना व्यावहारिक नहीं है। असम में हमारे पास करीब 4,000 एटीएम हैं। हम सभी एटीएम पर एक सुरक्षा गार्ड नहीं रख सकते। दुनिया भर में मान्यता प्राप्त व्यवस्था सीसीटीवी लगाना है। मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2016 में हाईकोर्ट के निर्देश पर रोक लगा दी थी। उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समेत याचिकाकर्ता बैंकों को दिसंबर 2013 में हाई कोर्ट द्वारा एटीएम के समुचित संचालन के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल से संबंधित अन्य निर्देशों को स्वीकार करने में कोई शिकायत नहीं है। पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली और उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देश को खारिज कर दिया।

# संसद तक पहुंचा मामला, असम, मुंबई में एफआईआर दर्ज

**रणवीर इलाहबादिया विवाद**

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया का विवादित बयान अब संसद तक पहुंच गया है। 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो के दौरान की गई उनकी टिप्पणी पर कई सांसदों ने नाराजगी जताई है। इस मामले पर संसद की सूचना प्रौद्योगिकी समिति चर्चा कर रही है और इलाहाबादिया को समन भेजा जा सकता है। महाराष्ट्र और असम में भी उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज की गई हैं। विवाद बढ़ता देख इलाहाबादिया ने माफी मांगते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी अनुचित थी और वे इस तरह के कॉन्टेंट का समर्थन नहीं करते। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस मामले को संसद में उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कॉमेडी के नाम पर अभद्र भाषा की अनुमति नहीं दी जा सकती।



उन्होंने कहा कि इलाहाबादिया के प्लेटफॉर्म को कई बड़े नेता और प्रधानमंत्री तक समर्थन दे चुके हैं, इसलिए उन्हें जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की स्थायी समिति की सदस्य के रूप में उन्होंने इस मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### मुंबई पुलिस भी कर रही जांच

मुंबई में भी रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज हुई हैं। पुलिस ने कहा है कि वे इस मामले की जांच कर रहे हैं और इलाहाबादिया व समय रैना को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर इस विवाद ने तूल पकड़ लिया है और लोग इसे लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

### अश्लीलता फैलाने का आरोप

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया, यूट्यूबर आशीष चंचलानी, कॉमेडियन जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा और समय रैना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन सभी पर अश्लीलता फैलाने और सार्वजनिक रूप से भद्दी टिप्पणियां करने का आरोप है। असम पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

### इलाहाबादिया ने मांगी माफी

इधर, पिछले दिनों इलाहाबादिया ने इस पूरे विवाद पर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि कॉमेडी उनका क्षेत्र नहीं है और उन्होंने गलत निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उनका बयान न केवल अनुचित था, बल्कि यह हास्यास्पद भी नहीं था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया वीडियो में कहा कि वे इस विवाद के लिए कोई बहाना नहीं बनाएंगे और केवल माफी मांगने के लिए आए हैं।

### कलाहरिधान ट्रेंड्ज पर सेबी ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एसएमई कंपनी कलाहरिधान ट्रेंड्ज और उसके प्रवर्तकों को खुलासा नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। कलाहरिधान ट्रेंड्ज लिमिटेड (केटीएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के लघु और मझोले उद्यम मंच 'एसएमई इमर्ज'' पर पिछले साल फरवरी में सूचीबद्ध किया गया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक अंतरिम आदेश एवं कारण बताओ नोटिस में कहा कि केटीएल के साथ उसके प्रवर्तकों- निरंजन डी अग्रवाल, आदित्य एन अग्रवाल और सुनीता निरंजन अग्रवाल को भी अगले आदेश तक बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। सेबी ने केटीएल और उसके प्रवर्तकों को यह बताने का भी निर्देश दिया कि उनके खिलाफ प्रतिबंध के उपयुक्त निर्देश क्यों नहीं जारी किए जाने चाहिए।

## विदेश से गिरोह चला रहे 12 गैंगस्टर्स की लिस्ट तैयार

# अमेरिका से गैंगस्टर बिश्नोई बराड़ को वापस लाएगा भारत!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्रालय एमएचए के निर्देश के बाद भारत की शीर्ष सुरक्षा एजेंसियों ने अमेरिका में मौजूद 12 कुख्यात गैंगस्टरों की सूची तैयार की है। इस सूची को इस सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान वाशिंगटन में संबंधित अधिकारियों के साथ शेयर किया जा सकता है। जब से डोनाल्ड ट्रंप ने दोबारा व्हाइट हाउस की कमान संभाली है, उसके बाद यह पीएम मोदी की पहली अमेरिका यात्रा होगी। एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में अनमोल बिश्नोई और गोल्डी बराड़ जैसे खतरनाक अपराधियों के नाम शामिल हैं। पहले से ही विदेश में छिपे अपराधियों की एक सूची मौजूद थी, लेकिन कुछ सप्ताह पहले केंद्रीय एजेंसियों को विशेष रूप से अमेरिका में मौजूद अपराधियों की सूची तैयार करने और उनके खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी एक साथ इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा गया है कि "गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद, इन 12 अपराधियों की सूची तैयार की गई और उनके आपराधिक डोजियर अटैच किए गए हैं।

### सूची में ये नाम शामिल

*सूची में शामिल अन्य नामों में गोल्डी बराड़ के सहयोगी दरमनजोत सिंह काहलों उर्फ दरमन काहलों, अमृतपाल सिंह, हरजोत सिंह, हरबीर सिंह, नवरूप सिंह, स्वर्ण सिंह उर्फ फौजी, साहिल कैलाश रिटोली, योगेश उर्फ बॉबी बेरी, आशु उर्फ भानु प्रताप संभली और अमन सांभी भी शामिल हैं।*

### गैंगस्टरों की आपराधिक पृष्ठभूमि

अनमोल बिश्नोई कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। वह पिछले साल नवंबर में अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसे फर्जी दस्तावेजों के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा था और तब से वह अमेरिका की जेल में बंद है। पिछले महीने मुंबई की एक विशेष अदालत ने अनमोल और दो अन्य वांछित अपराधियों के खिलाफ बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गैर-जमानती वारंट जारी किया था।

## सिर्फ तेल बेचकर कमा लिए 6 हजार करोड़ रूपए से अधिक

# बाबा रामदेव की पतंजलि को हुआ तगड़ा मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजें बनाने वाली बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अपने नतीजों का ऐलान कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तिमाही में पतंजलि का नेट प्रॉफिट 71.3 प्रतिशत बढ़कर 370.9 करोड़ रुपए हो गया। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 216.5 करोड़ रुपए था। कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,103.13 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,910.70 करोड़ रुपए थी। वहीं इस तिमाही में कंपनी का इबिटाडा 57.1 प्रतिशत बढ़कर 540.5 करोड़ हो गया।

- अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,103 .13 करोड़ रुपए हो गई




### एक्सपोर्ट्स से भी की तगड़ी कमाई

पतंजलि फूड्स ने 1 नवंबर, 2024 को पतंजलि आयुर्वेद के होम और पर्सनल केयर बिजनेस को 1,100 करोड़ रुपए में खरीद लिया है और इसी के साथ डेंटल, स्किन, हेयर और होम केयर सेगमेंट में भी इसका दायरा बढ़ गया है। हालांकि, महंगाई और कच्चे माल की कीमत अधिक होने की वजह से तीसरी तिमाही में डिमांड में थोड़ी कमी भी देखी गई।

### सबसे ज्यादा मुनाफा खाना बनाने में प्रयोग होने वाले तेल से

फूड और अन्य एफएमसीजी सेगमेंट से कंपनी ने तीसरी तिमाही में 2,037.61 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 2,498.62 करोड़ रुपए था। होम एंड पर्सनल केयर सेगमेंट से कंपनी का रेवेन्यू 420.36 करोड़ रुपए रहा। जबकि कंपनी को सबसे ज्यादा मुनाफा खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल से हुआ। तीसरी तिमाही में कंपनी ने एडिबल ऑयल से 6,7 कमा लिए 17.47 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 5,482.64 करोड़ रुपए था।

### कंपनी ने कमाया रिकॉर्ड तोड़ मुनाफा

जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 344.1 करोड़ था। इबिटाडा मार्जिन पिछले साल की तिमाही से 4.4 प्रतिशत बढ़कर 5.9 प्रतिशत हो गया। इबिटाडा का मतलब आसान शब्दों में कंपनी को होने वाली प्रॉफिट जिस पर टैक्स वगैरह का खर्च देना अभी बाकी होता है।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


सबसे अधिक कोरिया जिले में 84.95 प्रतिशत और सबसे कम बिलासपुर जिले में 51.3% मतदान

**15 फरवरी को होगी गणना, नगर निगमों, नगर पालिका-नगर पंचायतों में भाजपा भारी**

## नगर निगम में इतने प्रतिशत मतदान

**रायपुर**



मीनल चौबे — भाजपा | दीप्ति दुबे — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 49.58

**जगदलपुर**



संजय पांडे — भाजपा | मलकीत सिंह गैंदू — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 58.00

**रायगढ़**



जीवर्धन चौहान — भाजपा | जानकी काटजू — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 70.00

**राजनांदगांव**



मधुसूदन यादव — भाजपा | निखिल द्विवेदी — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 74.12

**कोरबा**



संजू देवी राजपूत — भाजपा | उषा तिवारी — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 61.26

**बिलासपुर**



पूजा विधानी — भाजपा | प्रमोद नायक — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 51.37

**अंबिकापुर**



मंजूषा भगत — भाजपा | अजय तिर्की — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 63.10

**दुर्ग**



अलका बाघमार — भाजपा | प्रेमलता पोषण साहू — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 63.78

**चिरमिरी**



रामनरेश राय — भाजपा | विनय जायसवाल — कांग्रेस

वोटिंग प्रतिशत 66.70

**धमतरी**



जगदीश रामू — भाजपा

वोटिंग प्रतिशत 70.96

### हार्ट अटैक से मतदाता की मौत

धमतरी जिले में मतदान करने पहुंचे शख्स की बूथ हार्ट अटैक से मौत हो गई। नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 12 में वोटिंग के लिए पहुंचे कुंजबिहारी बेहोश हो गए थे। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## हरिभूमि-आईएनएच एक्जिट पोल

### अंबिकापुर-चिरमिरी में मुकाबला रायपुर-दुर्ग, राजनांदगांव समेत बाकी निगमों में भाजपा भारी

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*हरिभूमि और आईएनएच के एग्जिट पोल में दस नगर निगमों की तस्वीर साफ हो गई है। दस में से दो नगर निगमों, अंबिकापुर और चिरमिरी में कांटे का मुकाबला सामने आया है। रायपुर, राजनांदगांव और दुर्ग में भाजपा एक तरफा जीत की ओर जाती दिख रही है। बाकी निगमों में भी भाजपा पूरी तरह से भारी नजर आ रही है। चुनाव प्रचार में देखा गया, भाजपा पूरी तरह से एकजुट नजर आई। इसके पहले प्रत्याशियों के चयन में भी भाजपा ने बाजी मारी। इधर कांग्रेस में इसके उलट बिखराव नजर आया। बड़े नेता भी अलग-थलग दिखे। जिस तरह की स्थिति मतदान के बाद नजर आ रही है, उससे साफ लग रहा है कि नगर निगमों में भाजपा को बड़ा फायदा रहेगा और कांग्रेस घाटे में रहेगी।*

**8 निगमों में भाजपा का पलड़ा भारी**

*दस नगर निगमों में से हरिभूमि और आईएनएच के एग्जिट पोल में 8 नगर निगमों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, कोरबा, रायगढ़ और धमतरी में भाजपा का पलड़ा भारी है। अंबिकापुर और चिरमिरी में कांटे का मुकाबला है।*

*नगर निगम — संभावित वोट शेयर प्रतिशत में*

| नगर निगम | भाजपा | कांग्रेस | संभावित जीत |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 58 | 38 | भाजपा |
| धमतरी | 60 | 40 | भाजपा |
| दुर्ग | 65 | 34 | भाजपा |
| राजनांदगांव | 53 | 37 | भाजपा |
| बिलासपुर | 49 | 42 | भाजपा |
| रायगढ़ | 54 | 40 | भाजपा |
| कोरबा | 56 | 36 | भाजपा |
| अंबिकापुर | 46 | 50 | मुकाबला |
| चिरमिरी | 41 | 43 | मुकाबला |
| जगदलपुर | 53 | 45 | भाजपा |

### भाजपा का शुरू से पलड़ा भारी

*नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा का कई मामलों में शुरू से पलड़ा भारी रहा है। एक तो प्रत्याशियों के चयन में भाजपा ने बाजी मारी। इसके बाद चुनाव प्रचार में भाजपा का बूथ मैनेजमेंट तगड़ा रहा। भाजपा ने सभी दस नगर निगमों में प्रदेश के एक-एक मंत्री को जिम्मा सौंपा। इसी के साथ हर निगम से लिए दिग्गज विधायक और सांसदों को भी जिम्मा दिया गया। रायपुर में ही एक तरफ जहां प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम को जिम्मा दिया गया, वहीं चुनाव के संचालन के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत को भी मोर्चे पर लगाया गया। इसी तरह से हर निगम में भाजपा ने पूरी ताकत झोंकी उसका फायदा अब मतदान होने के बाद मिलता नजर आ रहा है।*

# शहरों में औसत, पालिकाओं में बेहतर और नगर पंचायतों में बंपर वोटिंग

### जिलों में मतदान की स्थिति

- धमतरी जिले में 76.10 प्रतिशत मतदान
- नगर पालिका निगम धमतरी में 70.96 प्रतिशत
- नगर पंचायत आमदी में 89.16 प्रतिशत
- नगर पंचायत कुरूद में 82.57 प्रतिशत
- नगर पंचायत भखारा में 92.86 प्रतिशत
- नगर पंचायत मगरलोड में 89.83 प्रतिशत
- नगर पंचायत नगरी में 83.41 प्रतिशत

### राजनांदगांव जिले में 75.82%

- राजनांदगांव में 74.12 मतदान
- डोंगरगढ़ में 81.31% मतदान
- डोंगरगांव में 77.65% मतदान
- छुरिया में 93.11% मतदान
- लाल बहादुर नगर में 90.64 प्रतिशत मतदान

### कोरबा जिले में 64.04%

- नगर निगम कोरबा में 48.44 प्रतिशत
- नगर पंचायत छुरीकला में 78.23 प्रतिशत
- नगर पालिका परिषद दीपका में 48.09 प्रतिशत
- नगर पालिका परिषद कटघोरा में 67.57 प्रतिशत
- नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में 62.77 प्रतिशत
- नगर पंचायत पाली में 71.38 प्रतिशत

### कांकेर जिले में 81.13%

- नगर पालिका परिषद कांकेर में 74.40 प्रतिशत
- नगर पंचायत चारामा में 86.55 प्रतिशत
- नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 75.74 प्रतिशत
- नगर पंचायत अंतागढ़ में 79.47 प्रतिशत
- नगर पंचायत पखांजूर में 76.04 प्रतिशत

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*नगरीय निकाय चुनाव करीब-करीब शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। कई जगह ईवीएम बंद होने और उम्मीदवारों के बीच टकराव की खबरें आती रहीं। धमतरी में एक व्यक्ति की मौत हार्ट अटैक से होने की खबर है। इसके अलावा बड़ी गड़बड़ी कहीं नहीं हुई। सबसे कम वोटिंग शहरों में हुई है। नगर निगमों में औसत 60 फीसदी वोट पड़े हैं। वहीं पालिकाओं में 70 और नगर पंचायतों में 80 फीसदी वोट पड़े। 15 फरवरी को इनके भाग्य का फैसला होगा। इस चुनाव में कई दिग्गजों का साख भी दांव पर लगी है। रायपुर नगर निगम में 5 बजे तक करीब 50 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। 10 नगर निगमों में अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और रायपुर नगर निगम शामिल हैं। यहां पर औसतन 55 प्रतिशत मतदान की जानकारी आई है।* ▶▶|शेष पेज 6 पर



लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर रायपुर की

### सीएम साय ने किया जीत का दावा



सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि 13 महीने में जो हमने काम किया है, उसका अच्छा फल मिल रहा है। उसका असर नगरीय निकाय चुनाव में भी देखने को मिल रहा है, इस चुनाव में हमें जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

### अधिकांश निकाय कांग्रेस जीतेगी : बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सभी निकायों में मतदान कांग्रेस के पक्ष में हुआ है। अधिकांश नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव जीत कर आ रहे हैं।

मतदान केंद्र ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईईडी की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल घायल

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा-सुकमा जिले के सरहद स्थित जगरगुंडा क्षेत्र के कमलपोस्ट से एरिया डोमिनेशन व नक्सल गश्त सर्च अभियान पर निकले सीआरपीएफ 231 बटालियन एफ कंपनी का प्रधान आरक्षक प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ओडिशा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरणदास

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने भक्त चरण दास को तत्काल प्रभाव से ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया।



# पीएम मोदी ने कहा- समाज और सुरक्षा के लिए एआई बहुत जरूरी

**एजेंसी ▶▶| पेरिस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेरिस एआई एक्शन समिट में शिरकत की। एआई का मंत्र दुनिया को देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह हजारों जिंदगी बदल सकता है, इससे डरने की जरूरत नहीं। इससे नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। मोदी ने मंगलवार को खुले स्रोत पर आधारित कृत्रिम मेधा के लिए एक वैश्विक ढांचा स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया, जो विश्वास एवं पारदर्शिता बढ़ाने के साथ पूर्वाग्रहों से मुक्त हों। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वैश्विक एआई सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को बदल रहा है और इस सदी में मानवता के लिए व्यवस्था (कोड) बना रहा है। मोदी ने कहा, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए ऐसे सामूहिक वैश्विक प्रयासों की ▶▶|शेष पेज 6 पर

- **प्रधानमंत्री ने दुनिया को बताया भारत का दम**

**अगला एआई समिट भारत में**



### नौकरी जाने की आशंका पर कही यह बात

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई का इस्तेमाल बढ़ने पर नौकरियां जाने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा, इतिहास ने हमें दिखाया है कि प्रौद्योगिकी की वजह से काम कहीं जाता नहीं है। सिर्फ इसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां पैदा होती हैं। मोदी ने कहा, एआई का विकास अभूतपूर्व पैमाने और रफ्तार से हो रहा है। इसे उससे भी तेज गति से अपनाया और लागू किया जा रहा है। इसमें सीमाओं के पार भी एक-दूसरे पर गहरी निर्भरता है।

### भारत को क्या फायदा

अमेरिका और चीन एआई क्षेत्र में खुद को मजबूत कर रहे हैं, जो भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में भारत का इस समिट की सह-अध्यक्षता करना उसकी स्थिति को मजबूत करेगा। भारत एआई रिसर्च, इनोवेशन और पॉलिसी डेवलपमेंट के क्षेत्र में पहले से काम कर रहा है। 10,371 करोड़ रुपए का इंडिया एआई मिशन भारत के एआई रोडमैप का एक बड़ा हिस्सा है। भारत इस उभरती टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज करना चाहता है। इस समिट में भारत की भागीदारी की वजह से देश को काफी फायदा होगा।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने दी चेतावनी

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को विश्व के नेताओं और तकनीकी उद्योग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि आई उद्योग में 'अत्यधिक विनियमन' तेजी से बढ़ते इस उद्योग को समाप्त कर देगा। वेंस ने एआई पर यहां आयोजित शिखर सम्मेलन में कहा कि ट्रंप प्रशासन 'यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका में विकसित एआई प्रणालियां वैचारिक पूर्वाग्रह से मुक्त हों' और अमेरिका अपने नागरिकों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को कभी प्रतिबंधित नहीं करेगा।

**चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश**

# जब तक न कहें, ईवीएम का डेटा न करें नष्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में संरक्षित चुनावी डेटा को फिलहाल नष्ट न किया जाए। चुनाव के बाद ईवीएम के सत्यापन से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये बड़ा आदेश दिया है। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी डेटा न हटाएं और न ही उसमें कोई नया डेटा री-लोड करें।

सुप्रीम कोर्ट ने आज एक याचिका के जवाब में चुनाव आयोग से पूछा कि ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 26 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिए थे ये निर्देश

- सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए।
- इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण कीजिए।
- यह भी देखिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है।



**ताकि इंजीनियर दे सकें स्पष्टीकरण :** सीजेआई खन्ना ने कहा कि यह विरोधात्मक नहीं है। अगर हारने वाला उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहता है तो इंजीनियर स्पष्टीकरण दे सकता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हुई है। याचिका में मांग की गई है कि ईवीएम की जली हुई मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को पेशेवर इंजीनियर से सत्यापित कराया जाए कि ईवीएम से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है।

### चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, हरियाणा कांग्रेस के नेता सर्व मित्तर और करण सिंह दलाल द्वारा दायर याचिकाओं में ईवीएम की मूल जली हुई मेमोरी/ माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए नीति बनाने की भी मांग की गई है। याचिका में चुनाव नतीजों पर शक और ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंकाओं के सत्यापन की मांग के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। अब 17 मार्च को इस पर अगली सुनवाई होगी।




## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ से भारत को रहना होगा सतर्क

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। उनके इन फैसलों का अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया पर असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा पर हैं। 14 फरवरी को वे अमेरिका पहुंचने वाले हैं। इससे दो दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील पर 25 और एल्युमिनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसका असर भारत पर भी होगा। भारत भी अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम बेचता है, लेकिन हमारी हिस्सेदारी काफी कम है। स्टील के मामले में महज 6 और एल्युमिनियम में 2 फीसदी के आसपास है। अमेरिका अगर भारत को टैरिफ से छूट नहीं देता तो अमेरिकी बाजार में भारतीय मेटल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा घट सकती है। साथ ही, भारतीय बाजार चीन के सस्ते स्टील और एल्युमिनियम से पट भी सकता है। चीन पहले भारतीय बाजार में काफी स्टील डंप कर रहा है। इसका सीधा असर हमारे व्यापार खाटे पर पड़ता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। वहां पर उनकी ट्रंप के साथ भी मुलाकात होगी। ऐसे में भारत की मेटल इंडस्ट्री को उम्मीद है कि ट्रंप भारत के स्टील और एल्युमिनियम एक्सपोर्ट को रियायत दे सकते हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी भारत को छूट दी थी। अगर भारत को रियायत मिलती है, तो यहां से अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का एक्सपोर्ट बढ़ सकता है, जो भारतीय इकोनॉमी के लिए भारी बूस्टर साबित होगा, लेकिन यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका ने ऐसा ट्रैरिफ पहली बार लगाया हो। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी स्टील और एल्युमिनियम पर इंपोर्ट टैरिफ लगा दिया था, जिससे इन धातुओं की कीमतों में तेज उछाल आया था। इससे अमेरिका को काफी नुकसान भी हुआ था। अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन की लागत बढ़ गई थी, जो स्टील और एल्युमिनियम खरीदते थे और उनका उपयोग अपने उत्पाद बनाने में करते थे। असल में ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत लोकल प्रोडक्शन और रोजगार को बढ़ावा देना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने इंपोर्ट पर टैरिफ लगाया है। इसके नुकसान भी हैं। कई आर्थिक जानकारों का मानना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका में स्टील और एल्युमिनियम महंगा हो जाएगा। इसकी कीमत आखिर में अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं को ही चुकानी होगी। वहीं टैरिफ बढ़ने से अमेरिकी सहयोगियों पर बुरा असर पड़ेगा। कनाडा, अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का सबसे बड़ा सप्लायर है। मैक्सिको स्टील का तीसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। जापान और दक्षिण कोरिया भी अमेरिका को स्टील एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देश हैं। टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका के कई करीबी देश नाराज हो सकते हैं और बदले में इसी तरह का कदम उठा सकते हैं। कनाडा ने तो इसकी धमकी भी दे रखी है। असल में अमेरिका के निशाने पर चीन है। उसे ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री की समस्याओं की जड़ माना जाता है। उसने भारी उत्पादन करके दुनियाभर के बाजारों को सस्ते स्टील से पाट रखा है। इससे कीमतें जमीन पर आ गई हैं और अमेरिका के साथ अन्य देशों में स्टील निर्माताओं को नुकसान हुआ है। अब अमेरिका ने ट्रैरिफ लगाया है तो वो अन्य देशों में अपने उत्पाद को डंप करेगा। खासकर भारत को इसे लेकर सतर्क रहना होगा, क्योंकि चीन के साथ पहले से ही हमारा व्यापार घाटा गंभीर अवस्था में है।



विमर्श
विकेश कुमार बडोला

# अमेरिकी यात्रा के अनुभव होंगे महत्वपूर्ण

ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहले फ्रांस पहुंच चुके हैं। यहां दो दिन रुकने के बाद वे अगले दो दिनों के लिए अमेरिका जाएंगे। फ्रांस की यात्रा 'एआई एक्शन समिट' में उनके सह-अध्यक्ष की भूमिका के निर्वहन के लिए हो रही है। इस सम्मेलन में वे विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओज को संबोधित करेंगे। प्रौद्योगिकी के नवोन्नत रूप-स्वरूप आर्टिफीशियल इंटेलिजेंसी अर्थात कृत्रिम बौद्धिकता के आधार पर वैश्विक कार्यों के निस्तारण की दिशा में हुई प्रगति द्वारा जहां एक ओर वैश्विक सुविधा संपन्नता में वृद्धि हुई है, तो वहीं कृत्रिम बौद्धिकता पर समग्र गतिविधियों की निर्भरता के कारण यह चुनौतीपूर्ण समस्या के रूप में उभरी है। कुछेक वर्षों से इसी समस्या, बाधा और जटिलता के निवारण हेतु 'एआई एक्शन समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इसका आयोजनकर्ता देश फ्रांस है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ मोदी द्विपक्षीय व्यापार, अर्थव्यवस्था तथा अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर भी '2047 होराइजन रोडमैप' के अंतर्गत दोनों देशों की कार्यनीतिक साझीदारी की समीक्षा बैठक करेंगे। इस यात्रा में प्रधानमंत्री फ्रांस में भारत के प्रथम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी करेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय तापन नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अतिरिक्त वे प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्धों में बलिदान हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के उद्देश्य से 'मजरग्यूज वार सिमेट्री' भी जाएंगे।

इसके बाद मोदी की महत्त्वपूर्ण अमेरिकी यात्रा प्रारंभ होगी। जनवरी में ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्त्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने दल की चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था। यह दुनिया के सभी देशों के नेताओं के लिए एक प्रेरणादायी बात भी है कि वे जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने की दिशा में ही कार्य करें। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वादा पूरा करने का अभियान दुनिया की राजनीति में बड़ी हलचल मचाये हुए है। जहां तक भारत और अमेरिका के आर्थिक-व्यापारिक संबंधों की बात है, तो ट्रंप द्वारा शुल्क वृद्धि नीति को क्रियान्वित किए जाने के बाद इनमें भारत के पक्ष में हानि का गणित बनता दिख रहा है। इसमें संदेह है कि ट्रंप अपने समकक्ष मोदी से पुरानी मित्रता के आलोक में भारत के साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को पहले की तरह बनाए रखने के लिए प्रेरित होंगे। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर निकाले जाने के बिंदु पर भी भारत की ओर से आपत्ति प्रकट किए जाने का कोई औचित्य नहीं होगा, क्योंकि अमेरिका ही नहीं बल्कि यह किसी भी देश का अपना



निर्णय, अपनी नीति और अपना अधिकार है कि वह अपने यहां अवैध ढंग से रह रहे लोगों को बाहर निकाले। इस संदर्भ में तो भारत को अमेरिका से प्रेरणा लेनी चाहिए और बांग्लादेशी व म्यामारी घुसपैठियों को बाहर करने का बड़ा अभियान चलाना चाहिए। भारत-अमेरिका के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में जो बहुमुखी संबंध हैं, निश्चित रूप में मोदी की इस यात्रा की समयावधि में उनमें सुव्यवस्था स्थापित होने की आशा है। शुल्क, व्यापार, अवैध आव्रजन, अमेरिका के विरोध में ब्रिक्स जैसी गुटसापेक्षता, इत्यादि विषयों पर ट्रंप अपनी नवनीतियों में मोदी के साथ मित्रता के आधार पर परिवर्तन नहीं करेंगे। मोदी को इस बिंदु का ध्यान रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को शक्तिशाली बनाने की दिशा में कुछ अनचाहे समझौते भी करने ही होंगे। इनमें पहला यही कि अमेरिकी शुल्क वृद्धिकारी नीतियों का कुछ समय के लिए पालन किया जाए और अवैध आव्रजन जैसे विषय पर अमेरिका का सहयोग करते हुए सभी अवैध भारतीय नागरिकों को अमेरिका से वापस बुला लिया जाए। इससे भारत के विरुद्ध अमेरिकी शुल्क वृद्धि नीति में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। यह सुनिश्चित है कि मोदी इस यात्रा के बाद अमेरिका से किसी न किसी भारतीय हित की नीति को संवर्द्धन करके वापस लौटेंगे, किंतु इसके लिए ट्रंप प्रशासन की कुछ शर्तें भी होंगी, जिनका भारत को अनुसरण करना होगा। यदि अंतरराष्ट्रीय विषयों के संदर्भ में ट्रंप-मोदी की भेंट का निष्कर्ष निकालें तो इसके दुनिया के हित में दूरगामी कार्यबिंदु उभरते हुए दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण एशिया में भारत की स्वायत्तताओं के लिए ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की ही भांति उदार होंगे। हो सकता है कि आगामी कुछ दिनों में बांग्लादेश में अपदस्थ राष्ट्रपति शेख हसीना का पुनः सत्तारूढ़ होने का मार्ग प्रशस्त हो जाए या वहां पर आम चुनाव का वातावरण बन जाए और उसमें हसीना विजयी होकर वापस सत्ता प्राप्त कर लें। यदि ऐसा होता है, तो इस सत्ता के सकारात्मक संचालक के रूप में भारत व अमेरिका ही गोपनीय भूमिका में होंगे। पिछली बार ट्रंप जब सत्ता में थे तो उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सभा, यूनिसेफ, मानवाधिकार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, इत्यादि यूरोपीय देशों के प्रभाव वाली संस्थाओं के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और नीतियों को दुनिया के स्वायत्त देशों के लिए आत्मघाती घोषित कर इनमें अमेरिकी योगदान को नगण्य स्तर तक सीमित कर दिया था। यूनिसेफ तो अमेरिका से अलग भी हो गया था।

देखा-देखी इजरायल ने भी इस प्रकरण में यूनिसेफ की सदस्यता त्याग दी। इस बार ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के अनुषंगी तंत्र अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से स्वयं को अलग कर दिया। इजरायल ने भी तुरंत इस संगठन की सदस्यता त्याग दी। इस संदर्भ में भारत को अमेरिका और इजरायल का आंतरिक दृष्टिकोण जानना-समझना होगा कि क्यों वे बाह्य रूप में जगभलाई के हेतु दिखाई देने वाले ऐसे तंत्रों व संगठनों का परित्याग कर रहे हैं, जो वास्तविकता में मध्य यूरोप, अफ्रीका, मध्य एशिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया के मुसलिम बहुल देशों में मानवाधिकार के अंतर्गत मुद्रा से लेकर खाद्य सुरक्षा पहुंचा रहे हैं और बदले में ऐसे देशों के लोग अराजक, आतंकी और अवैध नागरिक बनकर विकसित व सभ्य देशों के सार्वजनिक जीवन को अशोभनीय और असुरक्षित बना रहे हैं। यह सच है कि भारत में बांग्लादेशी, म्यांमारी तथा अन्य देशों के अवैध नागरिकों द्वारा ऐसी ही नकारात्मक परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं। इस आधार पर ये लोग किसी भी दृष्टि से मानवाधिकार के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुख-सुविधाएं प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। भारत को भी इस सत्य को समझना होगा। वर्तमान में अमेरिका से लेकर भारत तक ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु



# महर्षि दयानंद का संदेश आज के दौर में अधिक प्रासंगिक


हम महर्षि को पौराणिकता या किसी खास नजरिए से देखने के बजाय यदि वेदों और उपयोगिता के संदर्भ में विश्व मानवता के साथ जोड़ कर देखें तो पाएंगे कि दयानंद ने आज से 160 साल पहले जो विश्व मानवता को संदेश दिया था, वह आज के हिंसा और अराजकतावाद के उन्मादी दौर में कहीं अधिक प्रासंगिक जान पड़ता है। मैक्समूलर ही नहीं अनेक विदेशी विचारकों, साहित्यकारों, राजनेताओं, समाज सुधारकों ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि दयानंद जो भी कहते हैं, वह निष्पक्ष ही नहीं ज्ञान, सत्य, सर्व कल्याण को ध्यान में रखकर और तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होता है। आम तौर पर दयानंद को महज एक हिंदू समाज सुधारक के तौर पर समझकर उन्हें संकीर्ण बना देते हैं। जबकि महर्षि दयानंद हिंदू समाज सुधारक ही नहीं बल्कि वे तो सारी मानवता को एक ऐसी दिशा देने वाले थे जो सामाजिक रूप से सबल और उच्चता के शिखर पर पहुंचने वाली साबित हुई। जीवन, समाज, साहित्य, धर्म, संस्कृति, भाषा, मानव मूल्य, अध्यात्म, राजनीति, अर्थ, दर्शन, विज्ञान, व्याकरण, योग ध्यान सहित ऐसे सभी विषयों पर उनकी नजर गई जो मानव और समाज के लिए महत्वपूर्ण, उपयोगी और कल्याणकारी हो। 59 साल की विकट संघर्ष वाली जिंदगी में उन्होंने एक भी कार्य ऐसा नहीं किए जो किसी के लिए अनुचित, अहितकारी या अमर्यादित रहा हो। चाहे वह सांस्कृतिक चेतना की बात हो, राजनीति, समाज, दर्शन और शिक्षा की बात हो, तब भी केवल और केवल वेद ही सामने होते हैं। इसलिए दयानंद के किसी विचार, कार्य और व्यवहार पर किसी को काटने की जरूरत नहीं पड़ी। जिसने उनके कार्य, विचार और व्यवहार का विरोध किया, वह किसी न किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर ही किया। हम दयानंद के कार्यों और विचारों का मूल्यांकन करते वक्त यह भूल जाते हैं कि उन्होंने सत्य, न्याय, निष्पक्ष, व्यावहारिक और सर्वहित पर गौर करते हुए ही सारी बात कही और सारे कार्य किये। भले ही उन्हें इसके लिए जहर पीना पड़ा हो। वैसे तो उनके अनगिनत कार्य हैं लेकिन वैदिक गुरुकुलों की स्थापना, राष्ट्र निर्माण की चेतना, समाज कल्याण और स्वदेशी पर ही जोर देने, हिंदी को प्रमुखता, शुद्धिकरण, दलित, पिछड़े व नारी कल्याण, सच्चे वैदिक धर्म व अध्यात्म का प्रचार, सत्य, शुभ और शांति की स्थापना, शुद्ध आहार-विहार, गौ संरक्षण, वैदिक यज्ञों की फिर से स्थापना और योग साधना जैसे तमाम कार्यों को हम मौजूदा दौर में अधिक प्रासंगिक पाते हैं। मानव की भलाई जिसमें हो, दयानंद उस बात को उस कार्य को सबसे बेहतर और हितकारी मानते दिखाई पड़ते हैं। सत्यार्थ प्रकाश में जो भी उन्होंने लिखा, उसमें उनका अपने खुद के फायदे का कुछ भी नहीं है।

सारा का सारा ज्ञान और तथ्य मानव समाज के सुधार, सुख, शांति, आपसी प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता, न्याय, अहिंसा की स्थापना, सत्य की जीत और शुभत्व को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत किया। दुराग्रह, आग्रह, स्वार्थ और पक्षधारिता को दूर-दूर तक दयानंद के जीवन में हम नहीं पाते हैं। महर्षि दयानंद की देन को हमें विस्तृत फलक पर देखना चाहिए, तभी हम उनका ठीक, सही और निष्पक्ष मूल्यांकन कर पाएंगे। मिसाल के तौर पर जब हम विज्ञान और अध्यात्म के क्षेत्र में उनका मूल्यांकन करें तो पाएंगे कि उन्होंने वेदों के आधार पर जो विश्व मानवता के हित में था, वहीं आगे बढ़ाया। विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं उनके जरिए वेदाधारित त्रैतवाद के जरिए समझा जा सकता है। दयानंद द्वारा मानवता, धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, समाज, भाषा, शिक्षा और वेद के लिए किए गए अनगिनत अवदानों और स्थापनाओं को जानने में भी दुनिया को सुविधा होगी।

वह स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वधर्म, स्वराष्ट्र, स्वाभिमान, स्वगौरव, स्वशिक्षा, स्वतंत्रता और शाकाहार को समाज का आधार मानते थे। उनकी आंखों में सभी मानवों के लिए प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता और कल्याण के लिए स्थान था। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब-कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उतना ही दूसरे मत पंथों की भी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
## दर्शन

अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
## प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पण्डित जी भागवत सुनाने के लिये तैयार हो गये। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरुजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया कि हम बंधे है कैसे एक-दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरूजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बंधन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है? अर्थात नहीं कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### केजरीवाल की राजनीतिक परिपक्वता

देश के लाखों-लाख लोग लगातार टकटकी लगाकर ताक लगाए बैठे थे कि दिल्ली विधानसभा में बड़ी पराजय के बाद अरविंद केजरीवाल क्या-क्या कहने और आरोप लगाने वाले हैं! उनसे बहुत नकारात्मक और तर्कहीन बातों-आरोपों की आशाएं व अपेक्षाएं लगा रखी थीं लाखों लोगों ने। परंतु अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक रूप से केजरीवाल ने विनम्रता का प्रदर्शन करते हुए जनादेश का स्वागत कर डाला। मैं अधिकतर अवसरों पर केजरीवाल की कुछ नकारात्मक किस्म की राजनीति का विरोधी रहा हूं। मुझे भी केजरीवाल की ऐसी प्रतिक्रिया पर आश्चर्य हुआ। इस तरह का सकारात्मक रुख अपनाकर केजरीवाल यह संदेश देने में सफल रहे कि वो राजनीति में अब परिपक्व हो गए हैं। *मनोज पाठक, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने प्लास्टिक के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर दिया जोर


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संघीय स्तर पर कागज के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, क्योंकि वे ''टिकाऊ" नहीं होते। उन्होंने कहा कि इसके बजाए प्लास्टिक के इस्तेमाल की तरफ बढ़ना चाहिए। ट्रंप ने संघीय खरीद नीतियों को पलटने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने वह नीति पलट दी है जिसके तहत कागज के स्ट्रॉ की खरीद को प्रोत्साहित किया जाता था और प्लास्टिक के स्ट्रॉ पर प्रतिबंध था। आदेश में संघीय एजेंसियों को कागज के स्ट्रॉ खरीदना बंद करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दफ्तरों के भीतर अब कागज के स्ट्रॉ उपलब्ध न कराए जाएं। ट्रंप लंबे समय से कागज से बने स्ट्रॉ के खिलाफ बोलते रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप ब्रांड वाले पुनः इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ की बिक्री भी की गई थी। ट्रंप ने इस आदेश से पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन के फैसले को पलट दिया है जिसमें 2027 तक खाद्य सेवा संचालन, आयोजनों और पैकेजिंग से स्ट्रॉ सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की संघीय खरीद को समाप्त करना और 2035 तक सभी संघीय संचालनों से समाप्त करना शामिल था।



## ऑफ बीट

# गर्म हो रही है समुद्र तल पर ठंडे पानी की परत

अंटार्कटिक में हमारे नए शोध से पता चलता है कि समुद्र तल पर ठंडे पानी की महत्वपूर्ण परत, जो दुनिया को घुमाती है और ज्यादातर वायुमंडलीय गर्मी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सोखने की समुद्र की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती है, अब गर्म हो रही है और सिकुड़ रही है। इनमें से अधिकांश मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो अंटार्कटिक बर्फ की परतों को पिघला रहा है और इस संचलन को नियंत्रित करने वाली जटिल प्रणाली को बाधित कर रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है, जहां तक पिछले 30 वर्षों का संबंध है, देखे गए परिवर्तनों के लिए एक प्राकृतिक चक्र आंशिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है। औद्योगिक युग की शुरुआत के बाद से मानव द्वारा उत्पादित अतिरिक्त गर्मी का 90% से अधिक और अतिरक्त कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 30% समुद्र ने अवशोषित किया है। इसने पृथ्वी की सतह पर जहाँ हम रहते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बहुत कम कर दिया है। वायुमंडल और महासागर के बीच गैसों और गर्मी का अधिकांश आदान-प्रदान दक्षिणी महासागर में अंटार्कटिका के आसपास पानी की जटिल ऊर्ध्वाधर गतिविधियों के माध्यम से होता है।



## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु समर्पित उनका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### गंदगी की सफ़ाई कराएं



संगम के मुख्य नहान स्थान पर हर तरफ़ फैली अपरंपार गंदगी की सफ़ाई का इंतज़ाम तुरंत किया जाए। ये गंदगी स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों तरह से बहुत हानिकारक है। इससे महाकुंभ की पवित्र-पावन छवि भी दूषित और धूमिल हो रही है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई



स्वस्थ रहने के लिए एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई एक ऐसी चीज है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा।
-नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट

### संसाधन खोजना अहम



अगले पांच वर्षों में दुनिया को केवल बैटरी उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए तांबे, लिथियम और कोबाल्ट की अधिक आवश्यकता होगी। जाहिर है, नई खदानें खोलना और अन्वेषण के माध्यम से अधिक संसाधन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है।
- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


भरोसा और
निवेशकों को पहला स्थान
मूल्यों की नींव पर
मध्यप्रदेश की उड़ान
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
24-25 फरवरी 2025, भोपाल
होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे
असीमित संभावनाएं एवं निवेश का
समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है
आकर्षक नीतियां
पारदर्शी नीतियों के साथ
कस्टमाइज्ड पैकेज
ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य
आधुनिक आधारभूत संरचना
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़
पावर सरप्लस
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा
स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क
व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक
1 लाख + एकड़
विस्तृत रोड नेटवर्क
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग
पर्याप्त जल आपूर्ति
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
www.investmp.in
D-11179/24
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#InvestInMP
#MPGIS2025

# निगम की प्रापर्टी में आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया, मेंटनेंस पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

शहर में नगर निगम ने करोड़ों खर्च कर आम जनता की सुविधा के लिए अलग-अलग लोकेशन पर प्रापर्टी तैयार की, जिसमें हर माह सुरक्षा, सफाई, बिजली के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहा है, लेकिन खर्च की तुलना में आमदनी नहीं होने से मेंटनेंस को लेकर दिक्कत आने लगी है। चाहे वह बूढ़ापारा का सर्वसुविधा युक्त इंडोर स्टेडियम हो या बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण। यहां तक कि 49 करोड़ खर्च कर भाठागांव में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 6 साल से तैयार इंटर स्टेट बस टर्मिनल का भी कमोबेश यही हाल है।

- बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में हर माह 3.50 लाख बिजली खर्च, आमद जीरो

शहर के मध्य स्थित बूढ़ापारा में नगर निगम द्वारा राजधानी में विभिन्न अवसरों पर सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इंडोर स्टेडियम को भव्य स्वरूप दिया गया। पूर्ण वातानुकूलित एवं सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का हर माह मेंटनेंस खर्च 3.50 लाख रुपये है। इसमें मुख्य रूप से चिलर प्लांट, देखरेख के लिए लगाये गये केयर टेकर, सुरक्षा के लिए सेक्युरिटी गार्ड का ठेका शामिल है।

### आउटडोर स्टेडियम में फूटी कौड़ी की गुंजाइश नहीं

बूढ़ापारा के आउटडोर स्टेडियम में नगर निगम पानी एवं बिजली का खर्च खुद उठा रहा है, जबकि प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने खेल विभाग की ओर से सांई को खिलाड़ियों के आवासीय हॉस्टल के प्रयोजन के लिए दिया गया है। इसमें नगर निगम को एक रुपये की कमाई नहीं है। बाकी के हिस्से में पूर्व में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और उसके कंसलटेंट एजेंसियों को कक्ष आवंटित किया गया। इसके एवज में नगर निगम को किसी तरह का किराया नहीं मिला। हालांकि बाद में रायपुर स्मार्ट सिटी का दफ्तर सिटी कोतवाली का नया बहुमंजिला भवन बनने के बाद वहीं शिफ्ट कर दिया गया।

### बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट में मेंटनेंस के लिए एजेंसी तय नहीं

बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत 2 फेज में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 36 करोड़ खर्च कर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया, पर मेंटनेंस के लिए अब तक कोई एजेंसी तय नहीं की गई। साथ ही पार्किंग का ठेका, प्रक्रिया में उलझ कर रह गया। हालत ये है कि सौंदर्यीकरण के तहत लगाये गये कीमती लाइट में से ज्यादातर खराब हो चुकी हैं। दुर्गा मंदिर से लगे हिस्से में बच्चों के लिए तैयार किये गये ओपन जिम, फिसलपट्टी सहित अन्य मनोरंजन के उपकरण की हालत खस्ता हो गई है। मेंटेनेंस की व्यवस्था नगर निगम नहीं कर पा रहा है। तालाब के बीच में 5 करोड़ खर्च कर लगाया गया म्यूजिकल फाउंटेन सालों से बंद होने के कारण कबाड़ में तब्दील हो चुका है।

## आदतन बदमाश ने दोस्त की चाकू मारकर की हत्या

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक आदतन बदमाश ने आपसी रंजिश के चलते अपने दोस्त तथा उसके भाई पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। हमले से एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वीरेंद्र पाण्डेय ने मुकेश तथा रवि साहू के ऊपर चाकू से प्राणघातक हमला किया था। चाकू के हमले से रवि की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, दो तीन दिन पूर्व रवि का किसी बात को लेकर वीरेंद्र के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद रवि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वीरेंद्र को उसी दिन ढूंढने के लिए निकला था, लेकिन वह नहीं मिला। इसी दौरान मेटल पार्क के पास रवि का सामना वीरेंद्र से हो गया। इस दौरान वीरेंद्र ने चाकू निकालकर रवि की पीठ पर चाकू से वार कर दिया।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

# कहीं ईवीएम हैंग हुई तो कहीं बटन नहीं दबने की शिकायत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर नगर निगम में महापौर और पार्षद चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों में कहीं ईवीएम मशीन हैंग हो गई, तो कहीं बटन नहीं दबने की शिकायतें भी मिलीं। मशीनों में आई खराबी के कारण मतदान केंद्रों में कहीं दस मिनट, तो कहीं आधे घंटे तक वोटिंग प्रभावित रही। इधर चुनाव के लिए इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद से आए इंजीनियरों की सहायता से ईवीएम मशीनों में आई छोटी-छोटी समस्याओं का तुरंत निराकरण भी किया गया, जिससे वोटिंग की प्रक्रिया पुनः शुरू हो पाई, लेकिन कुछ मतदान केंद्रों में जहां मशीनों ने हैंग होकर काम करना ही बंद कर दिया, ऐसी मशीनों को रिप्लेस भी किया गया। रिप्लेस में समय लगने के कारण इन मतदान केंद्रों में वोटिंग की प्रक्रिया करीब आधे घंटे तक बाधित रही। कुछेक मतदान केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच वाद-विवाद होने के कारण तनाव की स्थिति भी निर्मित हुई, जिसके कारण उन मतदान केंद्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी बढ़ाया गया।

रायपुर नगर निगम में महापौर और 70 वार्डों में पार्षद पद के लिए वोटिंग की प्रक्रिया निर्धारित समय पर सुबह 8 बजे से शुरू हुई। निगम क्षेत्र में चुनाव के लिए 1095 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुछेक को छोड़कर सभी मतदान केंद्रों में वोटिंग की प्रक्रिया समय पर शुरू हो गई। वोटिंग शुरू होने के बाद करीब दर्जनभर मतदान केंद्रों में कहीं ईवीएम मशीन में समस्या, तो कहीं खराब होने की शिकायतें मिली हैं। इन

### रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में चुनाव, 9 मशीनों को किया गया रिप्लेस



शिकायतों के बाद उन मतदान केंद्रों में वोटिंग की प्रक्रिया में बाधा भी पड़ी, जिससे कारण मतदान केंद्रों में वोट करने कतार में खड़े मतदाताओं को परेशान भी होना पड़ा।

रायपुर नगर निगम चुनाव के लिए सभी 10 जोन में ईवीएम मशीनों के लिए हैदराबाद से आए इंजीनियरों की ड्यूटी लगाई गई थी। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार वोटिंग के दौरान जहां-जहां ईवीएम मशीनों में किसी भी प्रकार की दिक्कत या खराब होने की स्थिति में मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी ने तुरंत इंजीनियरों से मोबाइल पर संपर्क कर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद कोई इंजीनियर मौके पर पहुंचकर, तो किसी ने मोबाइल से ही उपाय बताकर मशीनों को ठीक कराया। इस दौरान जो मशीनें खराब मिलीं, उन्हें रिप्लेस भी कराया गया।

### इन मतदान केंद्रों में मिली ईवीएम खराब होने की शिकायत

महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक-65 स्थित पटेल विद्या मंदिर मतदान केंद्र 963 में ईवीएम मशीन में खराबी आई थी, जिसके कारण यहां करीब 55 मिनट तक वोटिंग प्रभावित रही। इसके अलावा बोरियाखुर्द प्राथमिक शाला मतदान केंद्र के कक्ष क्रमांक-1, दलदलसिवनी मतदान केंद्र, कान्वेंट स्कूल, भाटागांव स्कूल, पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड-50 स्थित अमलीडीह शासकीय स्कूल मतदान केंद्र के कक्ष क्रमांक-3 में ईवीएम मशीन एक मतदाता द्वारा वोट करने के बाद बटन दबना बंद हो गया था, जिसे ठीक करने के लिए मशीन को पूरा बंद करना पड़ा।

### प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद, 15 को रिजल्ट

रायपुर नगर निगम में महापौर के लिए 16 प्रत्याशी और 70 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 306 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। वोटिंग के बाद इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला अब ईवीएम मशीनों में कैद है। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला अब 15 फरवरी को मतगणना के बाद घोषित किया जाएगा।

### परिसीमन के बाद कई मतदाताओं के बदले मतदान केंद्र

नगर निगम में वार्डों का परिसीमन होने के बाद कई मतदाताओं के मतदान केंद्र भी बदल दिए गए हैं। इनमें कई मतदाता ऐसे भी हैं, जो एक ही परिवार और एक ही घर में रहते हैं, पर उनके नाम अलग-अलग मतदान केंद्र की मतदाता सूची में शामिल हैं। ऐसे मतदाताओं को भी वोट करने के लिए परेशान होना पड़ा, क्योंकि उन्हें वोट करने के लिए अलग-अलग मतदान केंद्रों में जाना पड़ा।

### संत कंवरराम मतदान केंद्र में तनाव

कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम स्कूल मतदान केंद्र में मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के कारण यहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जिसके कारण सुरक्षा की दृष्टि से मतदान केंद्र में पुलिस फोर्स भी बढ़ाई गई।

### 9 ईवीएम को रिप्लेस किया गया

रायपुर नगर निगम में 1095 मतदान केंद्रों में 9 स्थानों पर ईवीएम मशीन खराब होने की शिकायत मिली थी। इंजीनियरों के जरिए उन मशीनों को तुरंत रिप्लेस कर दिया गया। कुछ मतदान केंद्रों में बटन जोर से दबाने के कारण बटन हैंग होने सहित अन्य दिक्कत आई थी, जिसे बिना देर किए सुधार लिया गया।

**- उमाशंकर बंदे,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष ने केंद्रीय खाद्यमंत्री व खाद्य सचिव को लिखा पत्र

# खाद्य निगम के गोदाम में चावल लेने जगह नहीं, राइस मिलर परेशान

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश राइस मिलर भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल के लिए जगह नहीं होने से परेशान हैं। यही नहीं, खाद्य निगम ने चावल के लिए लगने वाले नंबर विंग ऐप को ही वर्ष 24-25 के लिए ब्लॉक कर दिया है। अभी वर्ष 23 - 24 का ही चावल लिया जा रहा है, जिसके लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है। कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने राइस मिलरों की समस्या से अवगत कराने केन्द्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी और खाद्य सचिव तथा अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भारतीय खाद्य निगम को पत्र लिखा है।

दरअसल, इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 150 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसमें 43 लाख टन धान से चावल का निराकरण नागरिक आपूर्ति निगम में हो रहा है, जबकि 79.25 लाख टन धान से चावल का निराकरण भारतीय खाद्य निगम में होना है।

### समस्या से अवगत कराया



इसके लिए भारतीय खाद्य निगम में जगह नहीं है। विभागीय अधिकारियों का कहना है गोदाम में एक वर्ष के पूर्व का चावल भी रखा हुआ है। चावल का मूवमेंट आवश्यक रूप से नहीं हो रहा है, जिससे जगह नहीं बन रही है।

विदित हो, राज्य सरकार की ओर से 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 धान की खरीदी की गई है। उसमें अभी तक चावल अरवा रायपुर जिले में लेना शुरू नहीं किया गया है। चावल नहीं लेने पर राइस मिलों को धान में सूखत का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं काम नहीं चलने से मजदूरों की समस्या बनी हुई है, जबकि काम नहीं चलने से बिजली का न्यूनतम बिल भी मिलरों को भुगतान करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के पास नहीं है।

चावल का मूवमेंट प्लान नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त अच्छी क्वालिटी का चावल की डिमांड की जाती है, ताकि गोदाम में चावल कम खराब हो।

# प्रदेश के उद्योगपति मप्र के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में होंगे शामिल




हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मध्य प्रदेश के एपीआईडीसी ने छत्तीसगढ़ के उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025, भोपाल में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया है।

मध्यप्रदेश सरकार के एनके शुक्ला ने मध्यप्रदेश में विभिन्न उद्योगों को लगाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति को बृहद रूप में प्रस्तुत किया और उद्योगपतियों ने इन्वेस्टर इंटेंशन पत्र भरे। इस सेमिनार में उन्होंने बताया, एपीआईडीसी 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से सोलर बेस्ड इंडस्ट्रीज को भूमि प्रदान कर रहा है। सोलर जनरेशन के लिए बेहद सस्ती दरों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर असिंचित भूमि उपलब्ध कराएंगे। सोलर जनरेशन के लिए काफी उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ मे बिजली की बढ़ती दरों से उद्योग के उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे हैं।

अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा, सोलर जनरेशन के द्वारा इस विकट समस्या का निराकरण संभव है, जैसा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर सोलर की कई देश व्यापी योजनाएं प्राथमिकता से चलाई जा रही है। किन्तु छत्तीसगढ़ में सोलर जनरेशन हेतु भूमि की कमी होने से यहां के उद्योग सोलर जनरेशन आवश्कतानुसार नहीं कर पा रहे हैं। कैप्टिव सौर ऊर्जा उत्पादन उद्योगों की आवश्यकता बन गई है एवं किसी भी पॉवर इंटेंसिव उद्योग के लिए सौर्य ऊर्जा के अभाव में आर्थिक व्यवहार्यता स्थापित करना मुश्किल है। इस विषमता की सिथिति में एपीआईडीसी का यह आमंत्रण एक संजीवनी का काम करेगा। इससे छत्तीसगढ़ में सोलर के लिए भूमि की कमी झेल रहे उद्योगों को बढ़ती बिजली की दरों से काफी राहत मिलेगी और वित्तीय संकट से जूझ रहे उद्योग पुर्नजीवित हो सकेंगे। मध्यप्रदेश की इंडस्ट्रियल पॉलिसी से प्रभावित उपस्थित उद्योगपतियों का समूह 24 से 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित समिट में शामिल होगा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से इस सन्दर्भ में कस्टमाईजड पॉलिसी पर चर्चा करेंगे।

# टर्मिनल से यात्रियों को फ्लाइट तक पहुंचाने एयरपोर्ट में बन रहा चौथा एरोब्रिज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

गर्मी, बारिश के मौसम में यात्रियों को टर्मिनल भवन से सीधे एयरक्राफ्ट तक पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट में चौथे एरोब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। सिविल कंस्ट्रक्शन का काम तेजी से चल रहा है, इसमें लगाए जाने वाले जरूरी उपकरण विदेशों से मंगाए जाएंगे। एरोब्रिज बनाने का काम मुख्यालय स्तर के अधिकारियों की निगरानी में पूरा किया जा रहा है। एरोब्रिज निर्माण की लागत करीब तीन करोड़ रुपए आती है।

रायपुर विमानतल पर तीसरे एयरोब्रिज का निर्माण तीन साल पहले पूरा हुआ था। उसी दौरान आवश्यकताओं और यात्री सुविधा का विस्तार करने चौथे एयरोब्रिज की योजना को मंजूरी दी गई है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद आवाजाही के दौरान किसी एयरक्राफ्ट को रनवे पर अधिक समय तक इंतजार नहीं करना होगा। सूत्रों के अनुसार स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट एयरोब्रिज से संबंधित सिविल कंस्ट्रक्शन तैयार करने का काम पचास फीसदी से ज्यादा पूरा किया जा चुका है। इसके बाद दौरान मुख्यालय स्तर पर इसमें लगने वाले आवश्यक उपकरण सहित अन्य सामान विदेश से मंगाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विमानतल पर अभी तीन

### सिविल कंस्ट्रक्शन का काम तेजी से चल रहा, लगेंगे विदेशी उपकरण




एरोब्रिज क्रियाशील हैं, दिनभर विमानों की आवाजाही के दौरान इनका उपयोग किया जाता है और कई बार फ्लाइट को टेकऑफ होने के दौरान एरोब्रिज से जुड़ने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। चौथे ब्रिज के बनने के बाद किसी भी फ्लाइट के यात्रियों को उड़ान भरने के लिए रनवे पर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### रोजाना 30 फ्लाइट की आवाजाही

रायपुर एयरपोर्ट पर प्रतिदिन विभिन्न शहरों के लिए लगभग 27 से 30 उड़ानों का संचालन किया जाता है। लैंडिंग के बाद यात्रियों को उतारने और टेकऑफ के पहले यात्रियों को फ्लाइट के भीतर पहुंचाने के लिए इन एयरोब्रिज का उपयोग किया जाता है। रायपुर में प्रतिदिन छह से सात हजार लोग अपनी यात्रा प्रारंभ करने अथवा समाप्त करने के लिए इसका प्रयोग करते हैं। चौथे एरोब्रिज बनने के बाद पुराने तीन पर भी दबाव कम होगा।

### पंद्रह दिन में 1.10 लाख यात्री

प्रयागराज में चल रहे कुंभ के साथ कुछ शहरों की उड़ान बढ़ने की वजह से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर यात्रियों की गहमा-गहमी भी बढ़ी हुई है। पिछले पंद्रह दिन में अपनी यात्रा पूरी करने के लिए 1.10 लाख से अधिक लोगों ने रायपुर एयरपोर्ट का उपयोग किया गया है। वर्तमान में प्रतिदिन आठ हजार से अधिक यात्री आवाजाही कर रहे हैं। यात्रियों की संख्या उन दिनों अधिक होती है, जब प्रयागराज में शाही स्नान किया जाता है।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

CIN-U40105CT2003SGC015822
कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग बिलासपुर
क्रमांक : 11-09/विज्ञापन/1515 बिलासपुर, दिनांक 10.02.2025


आवश्यक सूचना

समस्त जनसाधरण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन को आज दिनांक 12.02.2025 के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा। अतः उल्लेखित नवनिर्मित 33 के. व्ही. लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी भी प्रकार की छेड़ छाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें। उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि. जवाबदार नहीं होगा।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | स्थानों का नाम जहां से होकर लाईन गुजर रही है। |
|---|---|---|---|
| 1 | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन 33 के. व्ही. सरगांव फीडर एवं 33 के.व्ही. बिल्हा फीडर से टेपिंग कर नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ग्राम-दगोरी को जोड़ने के लिये। | 6.00 कि.मी. | ग्राम- अमेरी अकबरी एवं दगोरी इत्यादि। |

संवाद- 42947
(अनुपम सरकार 90314533) कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर

## शब्द पहेली - 5776



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

मंगल सैनचा, बैंगलोर

### शब्द पहेली- 5775 का हल



## सूडोकु नवताल - 5786

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5785 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |



# ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### ईवीएम बंद हुई, खराब हुई- बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के अनेक स्थानों पर ईवीएम के बंद होने, बिगड़ने की शिकायतें आई, दुर्भाग्यजनक था लोगों को अपने मतदान का प्रयोग करने घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ स्थानों पर सत्तारूढ़ दल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सत्ता बल का प्रयोग कर मतदान में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया। उसके बावजूद मतदाताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धैर्य का परिचय दिया तथा लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मतदान संपन्न करवा कर दिखाया।





### भाजपा प्रचंड वोटों से जीतेगी- साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि मतदान में सामने आए रुझानों से पता चल रहा है कि जनता ने ₹अटल विश्वास पत्र₹ के संकल्प पर पूर्ण विश्वास करते हुए, नगरीय निकायों के समुचित विकास की संकल्पना में हमारा साथ दिया है। जिसकी बदौलत भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय हासिल करेगी। प्रदेश के नगर निगम,पालिका और नगर पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान हुआ है।



*नगर निगम जगदलपुर में शाम 5 बजे तक 70 और नगर पंचायत बस्तर में 82 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार जगदलपुर में 69.91 पुरुष और 69.24 महिला मतदाताओं ने वोट डाले। इसके अलावा 15 फीसदी तृतीय लिंग ने भी मतदान किया। वहीं बस्तर जिले के एक अन्य नगर पंचायत बस्तर में 82 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां भी पुरुष मतदाताओं ने अधिक वोट दिए। यहां पुरुष 83.91 तथा महिलाओं का 80.11 प्रतिशत मतदान रहा। सुबह से ही चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई पड़ा। भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होने से शहर के सभी 48 वार्ड में दोनों ही दल के पार्षद प्रत्याशी और निर्दलीय सभी एक-एक वोट के लिए काफी मशक्कत करते रहे। यहां तक कि मतदान केंद्र के बाहर तक प्रत्याशी पहुंचकर आने वाले मतदाताओं को हाथ जोड़कर निवेदन करते दिखाई पड़े। हालांकि सभी जगह पुलिस जवान तैनात रहे और कहीं से भी अप्रिय वारदात या फर्जी मतदान की कोई खबर नहीं है। लेकिन सुबह 8 बजे जैसे ही ईवीएम मशीन को चालू किया गया तो कुछ वार्डों में मशीन के खराब होने से आधा-एक घंटे तक मतदान रुका रहा।*

# जगदलपुर में 70 और नगर पंचायत बस्तर में 82 प्रतिशत मतदान

## कुछ वार्डों में ईवीएम खराब होने से आधा-एक घंटे तक मतदान रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा कार्यालय पहुंचे प्रभारियों ने शाम को सभी 48 वार्ड से रिपोर्ट ले रहे नेता आर्येन्द्र आर्य को शिकायत करते रहे कि मशीन खराब होने से लोग परेशान हुए। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय, अब्दुल कलाम, छत्रपति शिवाजी, सुभाष वार्ड, घासीदास, विवेकानंद और मदनमोहन मालवीय वार्ड में ईवीएम खराब हुई जिसकी शिकायत पीठासीन अधिकारियों ने सेक्टर प्रभारी को दी और मशीन सुधारा गया। लेकिन तब



तक मतदाता लाइन में खड़े रहकर परेशान होते रहे। वहीं विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव का गृह क्षेत्र होने के कारण उन्होंने सबसे पहले परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर वोट दिया। वहीं भाजपा के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डेय पत्नी के साथ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे तथा पूजा के बाद सीधे मतदान केंद्र जाकर वोट दिया। वहीं कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू भी पूरे परिवार के साथ वोट देकर पूरे शहर का जायजा लेने निकल पड़े। सुबह के समय मतदान धीमा रहा लेकिन धीरे-धीरे लोग वोट देने पहुंचते रहे। दोनों दल के कार्यकर्ता वार्डों में तैनात रहे और मतदाताओं को फोन करके वोट डालने की अपील करते रहे। महापौर के अन्य प्रत्याशियों में रोहित सिंह आर्य और समीर खान ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। शाम 5 बजे मतदान का समय समाप्त होने के बाद ईवीएम और मतदान सामग्री समेटने का काम शुरू हो गया और शाम से ही मतगणना स्थल पहुंचकर मतदान कर्मियों ने ईवीएम और सामान जमा किया।

## कांकेर के निकायों में हुआ ऐतिहासिक 81.13 प्रतिशत मतदान

**कांकेर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले की नगरपालिका परिषद कांकेर सहित नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर के मतदाताओं ने उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत जिले के कुल 38275 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 18638 पुरुष मतदाता, 19634 महिला और 03 तृतीय लिंग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह नगर पालिका परिषद कांकेर में 80.49 प्रतिशत यानी 17193 मतदाताओं ने वोट किया। इनमें 8224 पुरुष और 8969 महिला मतदाता शामिल थे।

**ऐसे हुए मतदान:** आंकड़े के अनुसार नगर पालिका परिषद कांकेर के अलावा नगर पंचायत चारामा में सर्वाधिक 88.42 (6580 मतदाता) प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 3391 पुरुष और 3189 महिला मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। इसके अलावा नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 4811 मतदाता (78.32 प्रतिशत) ने वोटिंग की, इनमें 2318 पुरुष और 2493 महिला मतदाता शामिल हुई। इसी प्रकार नगर पंचायत अंतागढ़ में 3935 मतदाताओं (81.18 प्रतिशत) ने वोट किया। इनमें 1857 पुरुष और 2078 महिला मतदाता शामिल रहे। इसके अलावा नगर पंचायत पखांजूर में 77.92 प्रतिशत अर्थात 5756 वोटरों ने मतदान किया, जिनमें 2848 पुरुष मतदाता, 2905 महिला मतदाता और 03 तृतीय लिंग मतदाता शामिल थे। इस प्रकार जिले के कुल 81 वार्डों में 38275 मतदाता (81.13प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके अध्यक्ष एवं पार्षद के पदों के लिए मतदान किया। जिनमें 18638 पुरुष मतदाता, 19634 महिला मतदाता और 03 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल रहे। इस प्रकार जिले में मतदान करने वाले पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 83.36, महिला मतदाता 79.13 और 37.50 प्रतिशत तृतीय मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**लोकतंत्र का जज्बा**

## 100 वर्ष की कलावती और सकीना ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में मतदान हेतु बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर की 100 वर्षीय मतदाता कलावती देवी एवं 104 वर्षीय सकीना बेगम ने मतदान केंद्र पहुंच कर अपना मत दिया। बिश्रामपुर के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 12 में मत देने पहुंचीं इन दोनों महिलाओं के चेहरे पर उत्साह एवं खुशी नजर आई। अपने परिजनों के साथ पहुंची दोनों मतदाताओं ने वोट डालकर मतदान के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित किया।

## शारीरिक अक्षमता मताधिकार का उपयोग करने में नहीं बनी बाधा



शरीर की अशक्तता मन की शक्ति को पराजित नहीं कर सकती है। आज यह जज्बा कांकेर शहर के जवाहर वार्ड की वयोवृद्ध मतदाता कुंवर बाई ध्रुव ने दिखाई। लकवा से ग्रसित श्रीमती ध्रुव का शरीर काफी अशक्त और निष्क्रिय है, बावजूद इसके उन्होंने सुबह से ही व्हील चेयर पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचीं और पूरे जोश के साथ मतदान किया। कुंवर बाई ने यह सिद्ध कर दिया कि शारीरिक अक्षमता मताधिकार का उपयोग करने के आड़े नहीं आती। इस प्रकार उन्होंने सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित भी किया।

## 84 वर्षीय बुजुर्ग ने पूरे उत्साह के साथ किया मतदान





शासकीय माधव राव सप्रे विद्यालय, बूढ़ापारा रायपुर स्थित मतदान केंद्र में 84 वर्षीय नरेंद्र कुमार जैन ने नगरीय निकाय निर्वाचन में अपनी सहभागिता देते हुए मतदान किया। श्री जैन मतदान केंद्र में की गई व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। छत्तीसगढ़ राज्य के 173 नगरीय निकायों के लिए आज एक चरण में मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के महापर्व में हर नागरिक की भागीदारी अहम होती है। महासमुंद के वार्ड क्रमांक 27 की दिव्यांग मतदाता उषा बाई कन्नौजे ने मतदान कर समाज को जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला गुडरुपारा स्थित मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उषा बाई दिव्यांग होने के बावजूद पूरे उत्साह से मतदान केंद्र तक पहुंचीं और मतदान किया। मतदान केंद्र में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी मदद की और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मतदान करने की सुविधा दी।



# निकायों का जनादेश ईवीएम में बंद
# ऐसे होती है मशीन से वोटों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनावों के लिए राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिका और 114 नगर पंचायतों के लिए मंगलवार को मतदान पूरा होने के साथ ही प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। 15 फरवरी को मतगणना के साथ ही साफ होगा कौन जीता, कौन हारा। लेकिन इससे पहले यह जानना भी दिलचस्प है कि ईवीएम से वोटों की गिनती कैसे की जाती है। अगर दूसरी बार वोटों की गिनती कराने की नौबत आती है तो ये काम कैसे होता है।

### ईवीएम में ऐसे दिखती है कुल मतों की संख्या

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जिसके माध्यम से हम वोट डालते है वह मशीन दो हिस्सों में बनी होती है। इसके पहले हिस्से में बैलेट यूनिट और दूसरे हिस्से में नियंत्रण यूनिट होती है। पहले हिस्से का काम मतदान के साथ ही पूरा हो गया है। अब वोटों की गिनती के दिन दूसरे हिस्से यानी नियंत्रण यूनिट के हिस्से का काम होना है। नियंत्रण यूनिट के पीछे कम्पार्टमेंट में लगे पावर स्वीच को जब ऑन किया जाता है तो प्रदर्शन अनुभाग में हरी बत्ती चमकने लगती है। परिणाम अनुभाग के भीतर कवर के ऊपर छिद्र के नीचे लगे परिणाम बटन के उप लगे हरी पत्र मुद्रा(ग्रीन पेपर सील) को निकालने से रिजल्ट बटन दिखने लगता है। रिजल्ट बटन बटन को दबाने से प्रदर्शन अनुभाग में मतों की कुल संख्या दिखाई देती है।

### प्रत्याशी और नोटा के वोट ऐसे नजर आते हैं, तुरंत रिजल्ट भी

गिनती के दौरान सभी अभ्यर्थी को मतांकित कुल मत और उपर्युक्त में से कोई नहीं (नोटा) के पक्ष में दिये मत तथा अन्डर वोट एवं अनफिनिश्ड वोट, यदि हो तो प्रदर्शित होते हैं। इसे काउंटिंग सुपरवाईजर गणना पत्रक में दर्ज करके हैं और काउंटिंग एजेंट को भी नोट करने दिया जाता है। रिकार्ड किये गये मतों का लेखा प्ररूप-18क के भाग-2 में कुल मतों का विवरण तथा प्ररूप-21क में मतों का विवरण अभ्यर्थीवार दर्ज करने के बाद काउंटिंग एजेंट के भी हस्ताक्षर कराए जाते हैं। यदि आवश्यक हो तो परिणाम बटन (रिजल्ट बटन) पुनः दबाकर अभ्यर्थियों और उनके गणन अभिकर्ता पुनः परिणाम नोट कर सकते हैं। इसके बाद परिणाम अनुभाग के कवर को बंद कर नियंत्रण यूनिट को बंद कर दिया जाता है।



### गिनती के बाद तैयार होता है गणना परिणाम

मतगणना केंद्र में प्रत्येक मेज के गणना पर्यवेक्षक द्वारा किसी मतदान केन्द्र पर डाले गए मतों की गिनती पूरी हो जाने पर गणना का परिणाम निर्धारित फार्म (प्ररूप-21क) में भरा जाता है।, इसमें अन्डर वोट तथा अनफिनिश्ड वोट, यदि हो तो इसका पृथक से उल्लेख किया जाएगा, और उन पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अपने हस्ताक्षर होते हैं। इसके बाद प्ररूप-21क के अंत में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अपने हस्ताक्षर किया जाता है।

### ऐसे होती है रि-काउंटिंग

आमतौर पर मतदान मशीन में दर्ज मतों की दोबारा गिनती पर कोई सवाल नहीं होता है। क्योंकि मतदान मशीन में दर्ज प्रत्येक मत वैध मत होता है। फिर भी यदि पुनः सत्यापन की आवश्यकता हो तो रिजल्ट बटन दबाकर ऐसा किया जा सकता है। परिणाम के ऐलान के तुरन्त बाद कोई अभ्यर्थी या उसकी अनुपस्थिति में उसका निर्वाचन अभिकर्ता मतदान की पुनर्गणना के लिए लिखित में आवेदन कर सकता है। आवेदन-पत्र में उन आधारों का उल्लेख आवश्यक है, जिन पर पुनर्गणना की मांग की जा रही है। आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अपने विवेक से, आवश्यक समय दिया जाएगा।

### मतगणना शुरू हुई तो फिर नहीं रुकेगी

मतों की गणना का कार्य एक बार शुरू होने पर तब तक लगातार जारी रहती है। जब तक कि कार्य समाप्त न हो जाए। बगैर किसी अप्रत्याशित घटना या अपरिहार्य परिस्थिति (जैसे कि आग या हिंसा) के, गणना कार्य बीच में नहीं रोका जा सकता है। यदि किसी अपरिहार्य कारण (जैसे कि आग या हिंसा आदि) से मतगणना बीच में रोकनी पड़े तो सभी नियंत्रण यूनिटों और अन्य कागजों को सीलबन्द कर ऐसे प्रत्येक पैकेट पर रिटर्निंग आफिसर के साथ-साथ यदि कोई अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता अपनी सील लगाना चाहे तो उसे ऐसा करने की अनुमति दी जाती है।

### रिटर्निंग ऑफिसर करते हैं ये काम

प्ररूप-21क में गणना का परिणाम-पत्र तैयार हो जाने पर उसे रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत किया जाता है। वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर नियंत्रण यूनिट में अभिलिखित मतों की गणना इसी तरह से बारी-बारी से की जाएगी और गणना का परिणाम-पत्र, मतदान केन्द्रवार प्ररूप-22क में तैयार किया जाएगा, जिसमें अन्डरवोट तथा अनफिनिश्ड वोट. यदि हो तो अलग से उल्लेख किया जाएगा।

### इस तरह तैयार होता है रिजल्ट

किसी वार्ड में सम्मिलित सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना पूरी हो जाने पर, उनका सारणीकरण करके गणना का अंतिम परिणाम-पत्र (प्ररूप-22क) तैयार किया जाता है। इस प्रारूप में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों तथा उसके पक्ष में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर डाले गये विधिमान्य मतों की संख्या का उल्लेख होता है। गणना परिणाम पत्रक पदवार महापौर / अध्यक्ष के लिये तथा पार्षद के लिए पृथक-पृथक तैयार किये जाते हैं। गणना का अंतिम परिणाम पत्र तैयार हो जाने पर प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त कुल विधिमान्य मतों का रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आख्यापन (ऐलान) किया जाएगा।

**टुकुन की नजर से...**




*दुर्ग निगम में मेयर के लिए दो और पार्षद के लिए 228 प्रत्याशी के बीच मुकाबला*

# दुर्ग का हाल, मशीन ने दिया धोखा कहीं मतदाता सूची से नाम गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग के दस निकायों में हुए चुनाव के दिन कई जगह अव्यवस्था की स्थिति देखने को मिली। दुर्ग शहर के वार्ड 36 में निर्दलीय और भाजपा प्रत्याशी के बीच कहा सुनी और यही आसामाजिक तत्वों का बूथ के अंदर घुस जाने से माहौल गरम हो गया था और पुलिस को स्थिति संभालने लाठी चार्ज करना पड़ा। इसी तरह वार्ड 53 पोटियाकला व वार्ड 42 में भी बगैर परमिशन के कार्यकर्ता बूथ अंदर प्रवेश कर वोटरों को लुभाने लगे थे। वार्ड 37 में मशीन काम नहीं करने से आधा घंटा वोटरों को परेशान होना पड़ा, यहां मशीन में बटन चिपकने की बात सामने आई थी। वार्ड ग्यारह में भाजपा कार्यकर्ता भगवा रंग पहनकर बूथ में घुस रहे थे, जिसे पुलिस ने खदेड़ा। इसी तरह कई वार्ड में मतदाता सूची में नाम नहीं होने से अव्यवस्था बनी रही।



### कवर्धा में 74.10 प्रतिशत वोटिंग

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों में नगर पालिका कवर्धा तथा पंडरिया के अलावा नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, स.लोहारा तथा इंदौरी में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। मतदाताओं ने निर्धारित समय सुबह 8.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में कुल 74.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। जिसमें महिला, पुरुष, बुजुर्ग तथा युवाओं की भागीदारी देखने को मिली। वहीं प्रमुख राजनीतिक दल के मतदाता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा राजनांदगांव लोक सभा के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कवर्धा में मतदान किया। वहीं राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडेय ने सहसपुर लोहारा के मतदान केंद्र में अपना मताधिकार का उपयोग कर मतदान किया।

### प्रत्याशियों ने की कड़ी मशक्कत, पोलिंग बूथ के बाहर दिनभर डटे रहे

**राजनांदगांव।** शहर में नगरीय निकाय चुनाव के मतदान का उत्साह नजर आया। मतदाता सुबह से मतदान करने पोलिंग बूथ पर पहुंचे। खासकर ग्रामीण वार्डों में मतदाताओं की भारी भीड़ रही, वहीं शहर के कुछ जगहों पर वोटिंग मशीन में खराबी आने के चलते मतदान लगभग डेढ़ 2 घंटे तक प्रभावित रहा। वहीं कुछ वार्डों में मतदान के दौरान राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच गहमा-गहमी का माहौल बनता रहा। राजनीतिक पार्टियों से लेकर निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी जीत के लिए पूरा जोर लगाया और मतदान केंद्र के बाहर प्रत्याशी दिनभर डटे रहे। राजनांदगांव नगर निगम के 51 वार्डों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष के मुकाबले लगभग 5 हजार अधिक है।

# धमतरी निगम क्षेत्र में कम पड़े वोट, नगर पंचायतों में जमकर मतदान

**धमतरी नगर निगम में हर साल मतदान का प्रतिशत घटता जा रहा है। इस बार तो पूरे जिले के सभी 6 नगरीय निकायों में सबसे कम धमतरी में 70.69 प्रतिशत मतदान हुआ है। उधर मतदान के बाद रात तक सभी पोलिंग पार्टियां सुरक्षित लौट चुकी हैं। ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा किया जा चुका है। 15 फरवरी को मतगणना के दिन इन ईवीएम को बाहर निकाला जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

नगरीय सत्ता के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो पूरे जिले में मतदान शांतिपूर्वक निबट गया है। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ। एक दो स्थानों पर ईवीएम में समस्या के चलते मतदान थोड़ा विलंब से शुरू हुआ। सुबह 10 बजे मतदान का पहला रुझान आना शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे तक 34.93 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शाम को मतदान केंद्रों में भीड़ उमड़ पड़ी और मतदान का प्रतिशत एकाएक बढ़ने लगा। शाम 5 बजते ही लाइन में खड़े प्रत्याशियों को अंदर लेकर मतदान केंद्र को बंद कर दिया गया। शाम 6.30 बजे मतदान कम्पलीट हुआ। जिले में कुल 76.10 प्रतिशत मतदान हुआ है।





### नगरी में हार्ट अटैक से मतदाता की मौत

नगरी में मतदान के लिए पहुंचे एक व्यक्ति की हार्टअटैक से मौत हो गई। सुबह 8 बजे चुरियारा पारा के स्कूल के मतदान केंद्र में कुंजबिहारी देव मतदान करने पहुंचा था। इसी दौरान चक्कर आने से वह गिर पड़ा। उसे नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से उसकी मौत होने की पुष्टि की। उधर धमतरी में एक पार्षद प्रत्याशी और उसके पुत्र द्वारा एक युवती से गाली गलौज व मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर घंटों तक मतदान केंद्र के पास माहौल गर्म था। आमापारा में पोलिंग बूथ के अंदर प्रत्याशियों के घुसने की शिकायत पर माहौल गर्म रहा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पहुंचकर व्यवस्था दुरुस्त करवाई।

### भखारा में बरसे वोट

मतदान के अंतिम आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे कम धमतरी नगर निगम में 70.69 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं सबसे ज्यादा भखारा नगर पंचायत में 92.63 प्रतिशत मतदान हुआ है। आमदी नगर पंचायत में 89.47 प्रतिशत, कुरूद में 82.66 प्रतिशत, मगरलोड में 89.43 प्रतिशत और नगरी नगर पंचायत में 83.41 प्रतिशत मतदान हुआ है। धमतरी नगर निगम में कम मतदान पर अब मंथन शुरू हो गया है। जानकारों की माने तो हर साल नगर निगम में मतदान का प्रतिशत घट रहा है। वर्ष 2014 के चुनाव में 77.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 2019 में 75.66 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे प्रतिशत और भी कम हो गया है। इस चुनाव में कांग्रेस महापौर की दौड़ से बाहर हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मरीज को आईसीयू...

पैकेज ब्लाक करने के लिए सामान्य बीमार वाले मरीजों की आईसीयू के ड्रेस में फोटो खींचते थे और दो मिनट बाद उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता था। बदन दर्द और कमर के नीचे दर्द वाले सीनियर सिटीजन को आईसीयू के पैकेज भर्ती कर इलाज किया जातना था। सामान्य मरीजों की पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री रिपोर्ट मनगढ़ंत तैयार की गई थी उन्हें लक्षण आधारित दवा दी जाती थी।

### सेना की वर्दी...

**पिस्टल टिकाकर बोले हम लोग लाल सलाम से हैं**-बातचीत के दौरान एक बदमाश ने जेब से पिस्टल निकालते हुए कहा कि वो लाल सलाम से हैं, हल्ला करने पर गोली मारने की धमकी दी। साथ ही बुजुर्ग भाई बहनों से घर में रखी नकदी उनके हवाले करने कहा। इस दौरान बदमाशों ने तीनों भाई बहनों को डराने के लिए निडिल से बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाने की वजह से एक बहन बेहोश हो गई। इसके बाद बदमाशों ने तीनों के मुंह को टेप से बांध दिया। **दीवान में रखे थैले में रखे नोटों से भरे बैग ले उड़े**-बुजुर्ग भाई बहनों ने दीवान के अंदर दो थैलों में नकदी 60 लाख रुपए रखे थे, जिसे बदमाशों ने खुद निकाल लिया। इसके अलावा एक छोटा बैग रखा हुआ था, जिसमें घर खर्च के लिए 15 से 20 हजार रुपए रखे हुए थे। बदमाशों ने उसे भी लूट लिया। बदमाशों ने घटना को अंजाम देने के बाद भागते हुए बुजुर्ग भाई बहनों को घर से नहीं निकलने तथा शोर नहीं मचाने की धमकी दी। शोर मचाने पर बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। **महिला ने स्वयं गले से चेन उतारकर दी**-डकैती के दौरान महिला बदमाश जो पीली साड़ी पहनी हुई थी, उसकी नजर मनोहारा की एक बहन जिनके गले में सोने की चेन थी, उसे खींचकर निकालने की कोशिश की। इस पर महिला ने अपने गले की हड्डी में प्रॉब्लम होने की बात कहते हुए स्वयं गले से चेन उतारकर महिला बदमाश के सुपुर्द कर दिया। **2 बजकर 45 मिनट पर पहुंचे सफेद रंग की कार में**-सीसीटीवी में डकैत घर के अंदर जाते हुए दिख रहे हैं। 2 बजकर 47 मिनट में एक सफेद रंग की रिट्ज कार में 5 लोग पहुंचे, जिनमें 4 पुरुष एक महिला थी। इनमें से 2 पुरुष आर्मी की ड्रेस में थे। वहीं 2 अन्य लोग काले सफेद रंग के ड्रेस में थे। एक-एक करके सभी डकैत मनोहर वेणु के घर के भीतर घुसे, फिर कुछ देर बाद महिला कार उतरकर अंदर गई।

### जेईई-मेन के...

लिए प्राप्त अंकों को 100 से 0 तक के पैमाने में परिवर्तित किया जाता है। परीक्षा असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू सहित 13 भाषाओं में आयोजित की गई थी।सफल छात्रों को 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश मिलता है। जेईई (मेन)-2025 परीक्षा के दोनों सत्र के बाद, पहले से बनाई गई नीति के अनुसार दो एनटीए स्कोर में से सर्वश्रेष्ठ को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों की रैंक जारी की जाएगी। **भारत के बाहर भी हुई थी परीक्षा**- यह परीक्षा भारत के बाहर 15 शहरों में भी आयोजित की गई थी, जिनमें मनामा, दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत सिटी, कुआलालंपुर, अबू धाबी, पश्चिम जावा, वाशिंगटन, लागोस और म्यूनिख शामिल हैं। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में आयोजित किया गया था। दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया जाएगा। जेईई-मेन पेपर 1 और पेपर 2 के परिणामों के आधार पर, उम्मीदवारों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 'शॉर्टलिस्ट' किया जाएगा।

**सत्र-1 के टॉपर-**

आयुष सिंघल, राजस्थान
कुशाग्र गुप्ता, कर्नाटक
दक्ष, दिल्ली (एनसीटी)
हर्ष झा, दिल्ली (एनसीटी)
राजित गुप्ता, राजस्थान
श्रेयस लोहिया, उत्तर प्रदेश
सक्षम जिंदल, राजस्थान
सौरव, उत्तर प्रदेश
विषाद जैन, महाराष्ट्र
अरनव सिंह, राजस्थान
शिवेन विकास तोषनीवाल, गुजरात
साई मनोगना गुथिकोंडा, आंध्र प्रदेश
ओम प्रकाश बेहेरा, राजस्थान
बानी ब्रता माजी, तेलंगाना

### छत्तीसगढ़ के 10...

मोहराना 99.7255572, अक्षत गोयल 99.721524, अनिमेष कुमार दहरवार 99.6479855, प्रद्युम्न गोंदुले 99.6270581 और रुद्रांश गोलहानि ने 99.5950584 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन रायपुर के 21 स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेंटाइल से ज्यादा स्कोर किया हैं।

### आईईडी ब्लास्ट में...

50 मिनट पर एक अग्रिम चौकी के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ और वे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घायल जवान की हालत 'खतरे से बाहर' है। सेना की जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' इकाई ने दोनों जवानों के बलिदान को सलाम किया। इसने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, अखनूर सेक्टर के लालेली में बाड़ पर गश्त के दौरान 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' धमाके की सूचना मिली, जिसमें दो जवान शहीद हो गए।

### 100 आतंकवादियों के...

ने इन आतंकियों को एलओसी के करीब अलग-अलग लॉन्च पैड्स में भेज दिया है ताकि उन्हें आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए भारतीय क्षेत्र में धकेला जा सके।

### शेयर बाजार फिर...

23,071.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे। अमेरिका के सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क की पुष्टि से रियल्टी, औद्योगिक, सोच-विचार कर खर्च किये जाने से जुड़े उपभोक्ता सामान और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। यूरोपीय संघ के नेताओं ने भी अमेरिकी शुल्क के जवाब में कदम उठाने का संकल्प लिया है। इससे व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी व्यापार नीतियों और शुल्क दरों को लेकर जारी अनिश्चितता, घरेलू आर्थिक वृद्धि संबंधी चिंताओं और एफआईआई की लगातार बिकवाली के कारण बाजार धारणा कमजोर हो रही है। मांग संबंधी चिंताओं और ऊंचे मूल्यांकन के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.40 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 2.88 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बीएसई में सूचीबद्ध 3,478 शेयरों में गिरावट रही जबकि 525 शेयर लाभ में रहे। 94 शेयरों के भाव यथावत रहे। एशिया के अन्य बजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के ज्यादातर बाजार दोपहर के कारोबार में नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.74 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 548.39 टूटकर एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी 178.35 अंक के नुकसान के साथ 23,381.60 अंक पर रहा था। **नुकसान में रहे ये शेयर**-सेंसेक्स के तीस शेयरों में जोमैटो पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में से केवल भारती एयरटेल का शेयर लाभ में रहा। **पांच दिनों में बाजार का ऐसा हाल**-पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,290.21 अंक यानी 2.91 प्रतिशत नीचे आ चुका है, जबकि एनएसई निफ्टी में 667.45 अंक यानी 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,463.72 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### महाकुंभ का न्योता...

कि कांग्रेस के सात विधायकों ने हामी भर दी है। हरिभूमि से बात करते हुए कांग्रेस विधायकों ने पुष्टि करते हुए कहा-हम महाकुंभ में जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा-पार्टी की तरफ से कोई आदेश नहीं है। वैसे भी श्री महंत ने कहा है कि वे नहीं जाएंगे, जिसे जाना हो वो जाए। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव का मतदान निपटने के बाद गुरुवार 13 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भाजपा के विधायक, सांसदों के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे। प्रयागराज जाने के लिए 180 सीटर विशेष विमान की व्यवस्था की गई है। सभी सांसद, विधायक अपने साथ परिवार के एक सदस्य को ले जा सकेंगे। सांसदों को जाने के लिए सहमति देने के लिए राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय को और विधायकों को जाने की सहमति देने के लिए विधायक सुशांत शुक्ला को अधिकृत किया गया।

### कांग्रेस के ये...

सिंह, जांजगीर चांपा के व्यास कश्यप, चंद्रपुर के रामकुमार यादव, जैजैपुर के बालेश्वर साहू, कसडोल के संदीप शर्मा और भाटापारा के इंद्र साव शामिल हैं। इन विधायकों में से राघवेंद्र कुमार सिंह और संदीप साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, वे लोग महाकुंभ में विधानसभा अध्यक्ष के साथ जा रहे हैं। इन्होंने पूछने पर कहा कांग्रेस पार्टी या फिर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत की तरफ से नहीं जाने का कोई निर्देश नहीं है। इन्होंने बताया डा. महंत ने यह जरूर कहा है, वे नहीं जा पाएंगे।

### शहरों में औसत...

नगर पालिकाओं के मतदाताओं में उत्साह
प्रदेश के 49 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान हुआ। यहां पर मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। नगर पालिकाओं में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। रायपुर जिले के पांच नगर पालिकाओं में आरंग में 77, गोबरा-नवापारा में 79, तिल्दा में 75, मंदिर हसौद में 71 और अभनपुर में 81 प्रतिशत मतदान हुआ है। अन्य जिलों के नगर पालिकाओं में भी मतदान 70 प्रतिशत से उपर देखने में आया है। **नगर पंचायतों में बंपर बोटिंग**-प्रदेश के 114 नगर पंचायतों में बंपर वोटिंग देखने को मिल रहा है। यहां पर ग्रामीण परिवेश के मतदान केंद्रों में भारी भीड़के बीच लोगों ने मतदान किया है। रायपुर जिले के कुरा नगर पंचायत में 89 प्रतिशत मतदान हुआ है। शहर से लगे नगर पंचायत माना में 76, खरोरा नगर पंचायत में 87, समोदा नगर पंचायत में 87, चंदखुरी नगर पंचायत में 81 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है।

**रायगढ़ जिले में 81.44 प्रतिशत-**

0 खरसिया नगर पालिका में 68.56 प्रतिशत
0 पुसौर नगर पंचायत में 81.89 प्रतिशत
0 किरोड़ीमल नगर पंचायत में 68.87 प्रतिशत
0 घरघोड़ा नगर पंचायत में 76.44 प्रतिशत
0 धरमजयगढ़ नगर पंचायत में 70.73 प्रतिशत
0 लैलूंगा नगर पंचायत में 77.36 प्रतिशत

### अधिकांश निकाय...

के बाहर कांग्रेस के पंडालों मे लगी मतदाताओं की भीड़ इस बात का स्पष्ट संदेश है कि जनादेश कांग्रेस के पक्ष में आयेगा। प्रदेश के अनेक स्थानों पर ईवीएम के बंद होने, बिगड़ने की शिकायतें आई, दुर्भाग्यजनक था लोगों को अपने मतदान का प्रयोग करने घंटों इंतजार करना पड़ा।

### पीएम मोदी ने...

जरूरत है जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों का ध्यान रखें और विश्वास पैदा करें। उन्होंने कहा कि शासन केवल जोखिमों और प्रतिद्वंद्विता का प्रबंधन करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह नवाचारों के प्रोत्साहन और उन्हें वैश्विक भलाई के लिए तैनात करने के बारे में भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाना चाहिए और आम लोगों पर केंद्रित एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीप फेक से संबंधित चिंताओं का भी समाधान करना चाहिए। उ

### आईईडी की चपेट...

एयरलिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान कमलपोस्ट कैम्प से आसपास क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन व नक्सल गश्त सर्च अभियान के लिए रवाना रवाना हुए थे। अभियान से वापसी के दौरान नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए गए प्रेशर आईईडी के चपेट में आने से सीआरपीएफ 231 बटालियन का प्रधान आरक्षक एमएन शुक्ला घायल हो गया। घायल जवान के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल बेहतर उपचार के लि एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है। **दोनों पैरों के चिथड़े उड़ गए**-जानकारी के मुताबिक निकाय चुनाव के बीच नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से प्रधान आरक्षक के दोनों पैरों के चिथड़े उड़ गए। घटना दंतेवाड़ा-सुकमा जिले के बॉर्डर पर बसे जगरगुंडा क्षेत्र के कमलपोस्ट की है। निकाय व पंचायत चुनाव को देखते हुए इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। इसी बीच मंगलवार को दंतेवाड़ा-सुकमा बॉर्डर पर सर्चिंग के दौरान घटना हुई, जिसमें सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया।

### जब तक न...

मतदान समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया क्या है? अब चुनाव आयोग को चुनाव के बाद ईवीएम मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को जलाने की प्रक्रिया के बारे में अदालत को जानकारी देनी होगी। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक याचिका में मांग की गई थी कि वोटों की गिनती समाप्त होने के बाद भी मशीनों से डेटा को नष्ट न किया जाए। इस जनहित याचिका पर सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की।

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 04/अ-19/2024-25, ग्राम - जरहागांव प.ह.नं. 08

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम जरहागांव वालों को सूचित किया जाता है कि प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय, जरहागांव, जिला मुंगेली के द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष दिनांक 06.01.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासकीय भूमि खसरा नंबर 576/1 रकबा 10 एकड़ भूमि की मांग की गई है। जो आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय मुंगेली के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 04/03/2025 तक मेरे समक्ष पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/02/2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

तहसीलदार
जरहागांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है,
यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देशकर सर्राफे
94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटे तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप छूप जाए तो पुनः लगा दें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-खाना बनाने के लिए अनुभवी (महिला/पुरूष) कुक की तत्काल आवश्यकता है अनुभवी ही आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें-श्याम एजेन्सी शाकुन्तलम भवन लिंक रोड बिलासपुर (36712)

**आवश्यकता है**-यश सुपर बाजार में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000 सम्पर्क करें- रिंग रोड नं-2 महाराणा प्रताप चौक एवं भारतीय नगर चौक व्यापार विहार रोड बिलासपुर (36791)

**आवश्यकता है**-विज्ञापन एजेंसी में फ्लैक्स माउंटिंग एवं LED वर्क हेतु लडके, लडकियों, इलेक्ट्रीशियन, फ्लैक्स डिजाइनर एवं ऑफिस कार्य हेतु लडकियों की आवश्यकता है। पता- सी-15, ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 8770168534 (36789)

**आवश्यकता है**-चाय नाश्ता बनाने हेतु एक लड़का (रहने खाने की पूरी सुविधा) और रूम सर्विस, साफ सफाई करने हेतु एक लड़का की आवश्यकता है सम्पर्क करें- माँ शारदा होम्स 8988888542, 8839169907 (36782)

**आवश्यकता है**-थोक मेडिकल एजेन्सी में कार्य करने के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें मिहिर मेडिकोज मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7974670905 (36778)

**आवश्यकता है**-सरकंडा पुल के पहले प्रताप चौक, सरस्वती नगर देवकीनंदन चौक कंपनी गार्डन के पास बिलासपुर स्थित कार्यालय में रात्रि 7.30 से 9.00 बजे तक हिंदी अंग्रेजी एक्सपर्ट टाइपिस्ट चाहिए। संपर्क 91311 70372 (36779)

**आवश्यकता है**-Cloud 9 स्पा एण्ड सेलून तोरवा में काम करने के लिए महिला टेलीकॉलर, महिला थैरेपिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 6399166000 (36784)

**आवश्यकता है**
आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउंटर स्टाफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करेः- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

**आवश्यकता है**- वेल्डर, गैस कटर हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- वी.के. इंडस्ट्रीज पुराना पावर हाउस चौक तोरवा बिलासपुर 9575997609, 9131588053 (36785)

**आवश्यकता है**- तिफरा इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित पानी फेक्ट्री में रहकर काम करने के लिए बाहर के मजदूरों एवं बॉटल मशीन आपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9425272222 (36788)

**आवश्यकता है**-मेडिकल एजेन्सी में काम करने हेतु कम्प्यूटर आपरेटर, डिलिवरी, आर्डर एवं वसूली के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें 9111000629 (36774)

**आवश्यकता है**- एक फुल टाइम केयर टेकर (रहने हेतु आवास) पार्ट टाइम नर्स- 2 (नाईट डयूटी नहीं) केवल रविवार ओपीडी कार्य (प्रातः 9 से दोपहर 2बजे) बायोडाटा, फोटो सहित सम्पर्क करें- 15 फरवरी 11:30 से 1बजे तक वेंकटेश परिसर सुभाष चौक, सरकंडा बिलासपुर 94241 43204 (36781)

**आवश्यकता है**- बिजली दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सूरज इलेक्ट्रीकल्स C-21 नेताजी कॉम्प्लेक्स मंदिर चौक जरहाभाठा, बिलासपुर 93015 86381, 9827181236, 8223955293 (36787)

**आवश्यकता है**- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन + बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 8937847856, 63952 68809 (301)

**JOB JOB JOB**
शिवशंकर सर्विस वर्क्स
(अशोक लिलैंड द्वारा प्राधिकृत)
घरघोड़ा रायगढ़ (छ.ग.) में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
- फ्लोर सुपरवाइजर : 4
- टेक्नीकल सुपरवाइजर : 2
- DBM ऑपरेटर : 2
- वारंटी इंचार्ज : 2
- इंज मैकेनिक्स : 4
- डेंटर : 4
- हेल्पर : 10
- सीनियर एकाउंटेंट : 2
- पार्टस स्टोर एक्सक्यूटिव : 4 (पार्टस दुकान में काम किया हुआ)
- वर्कशॉप मैनेजर : 2
- एसिडेंटल इंचार्ज : 2
- पार्टस मैनेजर : 2

अशोक लिलैंड / टाटा वर्कशॉप में कार्य किये हुए लड़कों को पहले प्राथमिकता
वेतन कार्यानुभव के अनुसार
रायगढ़ से घरघोड़ा आने-जाने की सुविधा व घरघोड़ा में रहने की भी सुविधा दी जाएगी.
मोबाईल नंबर : 8435945581 9516011101
Email ID : ssworksrgh@gmail.com

**आवश्यकता है**-बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री है पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423 (36790)

**आवश्यकता है**- होटल में काम करने हेतु अनुभवी रिसेप्शन मैनेजर एवं रूम सर्विस के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल नटराज लिंक रोड बिलासपुर 9977861508 (36786)

**आवश्यकता है**- सुपर मार्केट में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- एसएस सुपर मार्केट नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 8878715510, 9399570638 (36788)

**आवश्यकता है**- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करेंः- 8981475043, 80172 71898 (3275)

**आवश्यकता है**-पैथोलॉजी लैब में कार्य करने के लिए युवक, युवतियों की आवश्यकता है योग्यता 12वीं/ DMLT/ BSc सम्पर्क करें- डॉक्टर मेघानी पैथोलैब तिलक नगर बिलासपुर (36770)

**आवश्यकता है**-कृष्णा फुटवेयर में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की तत्काल आवश्यकता है। सम्पर्क करें- टेलीफोन एक्सचेंज रोड पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 99079 25025 (36776)

**आवश्यकता है**-नर्सिंग होम में काम करने हेतु अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है वेतन 10000 रुपए प्रतिमाह बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- समाधान नर्सिंग होम राजीव गांधी चौक बिलासपुर (36766)

**आवश्यकता है**- Ambition Marketing में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कीयों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर FS16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (36771)

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ़ स्टेशनरी में कार्य करने हेतु लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है जो कम से कम 10 वीं पास हो। वेतन योग्यता अनुसार सपर्क करें छत्तीसगढ़ स्टेशनरी मोपका बिलासपुर 90981 59968 (36765)

**आवश्यकता है**-Reliance Jio 5G कंपनी Sms Sending Calling Job करके लड़के, लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500-48500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Name, पता Qualification, Call /sms /whatsapp करें- 8918984004 (3262)

**आवश्यकता है**- फैक्ट्री मेस कैन्टीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812 (36757)

**आवश्यकता है**-भारत की नं-1 कंपनी नितिराज इंजीनियर्स लिमिटेड (फोनिक्स) को सेल्स एग्जीक्यूटिव-5, सर्विस इंजीनियर-2, ऑफिस बाय- 1, salary+ ESIC+ Bonus+ Insentive पता-विनोद ट्रेडर्स, D/74 व्यापार विहार बिलासपुर 9300360385, 9300360386, 07752 401606 (36764)

**आवश्यकता है**-ऑफिस ब्वाय 1 पद एवं एकाउन्टेंट 2 पद Tally Prime के जानकार व 10वर्षो का अनुभवी की जरूरत है। संपर्क करें A-6 श्रीराम टॉवर एक्सिस बैंक के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर 9300795080 (36759)

**आवश्यकता है**- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7866031540 (679)

**आवश्यकता है**-शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक वेतन -10000 रहना खाना फ्रीट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना 88714 22576, 9981576163 (302)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड लेडी गार्ड मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 (3160)

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- Tango Security Pvt. Ltd. ऑरेंज हाइव, 6th फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर 8109070600, 7869230888 (2476)

**आवश्यकता है**-मोबाईल एसेसरीज के मार्केटिंग हेतु 3 लड़के 2 लड़कियों एवं दुकान हेतु 1 लड़के की आवश्यकता है नोट- स्वयं की गाड़ी अनिवार्य वेतन योग्यतानुसार पता एम.एन. मोबाईल मैग्नेटो मॉल बिलासपुर 9993911150, 9302959752 (36755)

**आवश्यकता है**- अंकुर डेली नीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकुर डेली नीड्स भाटिया पेट्रोल पम्प के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8085813131 (36772)

**आवश्यकता है**-चुड़ी मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़के लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करें- फिरोजाबाद बैंगल्स स्टोर तेलीपारा बिलासपुर 9425538825 (36762)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में माल जमाने लाने लेजाने ट्रांसपोर्ट में छोड़ने साफ सफाई हेतु लड़के लड़कियां चाहिए फुल/ पार्ट टाइम वाले भी सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सी मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (36701)

**आवश्यकता है**- ड्रिल मशीन (बिजली) और नल कार्य का जानकार और वेटर (रूम सर्विस) हेतु चाहिए। शादीशुदा लोगों को प्राथमिकता, बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- होटल शिवम देवकीनंदन चौक बिलासपुर 8643910000 (36749)

**आवश्यकता है**-ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष सैलरी योग्यतानुसार संपर्क करेंः- श्री राम केयर हॉस्पिटल के पीछे बिलासपुर 86400 94546 (3285)

## किराया

**किराया**-1 BHK मकान छोटे परिवार अथवा नौकरी पेशा बैचलर हेतु उपयुक्त 24 घंटे पानी उपलब्ध सरकारी कालोनी के पास 27 खोली बिलासपुर संपर्क करें- 70009 89828, 9827158035 (36777)

**किराया**- मूंदड़ा हॉस्पिटल के सामने, मंगला चौक बिलासपुर में सर्वसुविधायुक्त चार मंजिला दुकान (630×4 फ्लोर) ऑफिस, शोरूम उपयोग हेतु किराये पर देना है सम्पर्क करें- 8982400030 (36721)

**किराया**-विद्या नगर गगन अपार्टमेंट के पास डीपूपारा में चौहानजी का मकान फैमिली, जॉब वाली महिलाओं, गर्ल्स छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं को मकान किराये पर देना है 9617830621 91312 17676 (36760)

## बेचना है

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

**बेचना है**-कामर्शियल 35×81= 2835 वर्गफुट प्लाट चारों तरफ रोड सामने 80 फुट रोड यदुनन्दन नगर तिफरा एवं GST आफिस बाजू आवासीय प्लाट एवं पंधी 30, 70 डिसमिल आवासीय राजपाल कंस्ट्रक्शन 9300612345 (36768)

## व्यापार

**व्यापार**- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 91117 60925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936 रायगढ़, अंबिकापुर 78697 55871 (3194)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क डॉ. अहमद
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
दिन- सोमवार, मंगलवार बुधवार, 10 से 5 बजे तक रविवार, 10 से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# ऑस्ट्रेलिया के तीन सहित अन्य देशों के कई स्टार खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। इसके लिए सभी टीमों ने अपने दल का ऐलान कर दिया है। काफी समय के बाद पाकिस्तान में किसी बड़े टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम अपने मुकाबले दुबई में खेलने वाली है। जैसे-जैसे ये टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है कई खिलाड़ी अलग-अलग वजहों से अपनी-अपनी टीम से बाहर हो गए हैं।



## ऑस्ट्रेलिया के 3 खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के 3 प्रमुख खिलाड़ी कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ये टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। कमिंस और हेजलवुड चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं, स्टोइनिस ने सभी को चौंकाते हुए अचानक वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अभी तक ये भी तय नहीं हुआ है कि टीम का कप्तान कौन होगा। हालांकि अभी ऑस्ट्रेलिया की टीम में बदलाव होना है। तेज गेंदबाजी का सारा दारोमदार मिचेल स्टार्क के कंधों पर होगा।

## दक्षिण अफ्रीका से बाहर हुए 2 खिलाड़ी

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनके अलावा टीम का एक और तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी भी चोटिल होने के कारण यह टूर्नामेंट नहीं खेलेगा। ये दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। तेम्बा बावुमा की टीम कगिसो रबाडा और मार्को येंसन पर पूरे टूर्नामेंट में निर्भर रहेगी। हालांकि, लुंगी एनगिडी की वापसी से टीम को फायदा जरूर पहुंचेगा।



## इंग्लैंड के जेकेब बेथल टीम से बाहर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकेब बेथेल भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। कप्तान जोस बटलर ने इसकी पुष्टि की है। बेथेल को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है। यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ पहले वनडे में टीम का हिस्सा था। हालांकि, वह दूसरा मुकाबला नहीं खेले थे। बेथेल की जगह टॉम बैंटन की इंग्लैंड की टीम में वापसी हुई है। वह दुबई में इंटरनेशनल टी-20 लीग खेल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक भी निकले थे।

## पाकिस्तान के सैम अयूब भी बाहर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए सभी प्रारूप में सैम अयूब खूब रन बना रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें फील्डिंग करते हुए टखने में चोट आई और वह अपनी सरजमीं पर होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। अयूब को 3 जनवरी को चोट आई थी और उस समय से उन्हें ठीक होने में 10 हफ्तों का समय लगेगा। फखर जमान और बाबर आजम अब सलामी बल्लेबाज के रूप में नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### पंकज बने भारतीय स्नूकर चैंपियन, कुल 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता

**इंदौर।** भारत के सबसे कुशल खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां यशवंत क्लब में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती जो उनके करियर का कुल मिलाकर 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर गुजरात रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में



**राजकोट।** तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जैकसन ने अपनी टीम के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

### मां के निधन के कारण टूर्नामेंट से हटे टाइगर वुड्स

**सैन डिएगो।** टाइगर वुड्स टॉरे पाइंस में होने वाले जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से यह कहते हुए हट गए कि वह अभी तक अपनी मां के अचानक निधन से नहीं उबर पाए हैं। टाइगर की मां कुल्टिडा वुड्स का पिछले मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वुड्स ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी।

## भारत बनाम इंग्लैंड, तीसरा वनडे : नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज दोपहर 1.30 बजे से

# सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया आज इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला आज दोपहर 1.30 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम ने शुरुआती 2 मैचों को जीतकर वनडे सीरीज में अजेय बढ़त बनाई हुई है।

जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। जो रूट ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से सहयोग नहीं मिला है। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया है लेकिन अगर इंग्लैंड को जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



### कोहली के लिए अग्निपरीक्षा है यह मैच

इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अन्य आंकड़े

वनडे क्रिकेट के इतिहास में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर (365/2) दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने बनाया है। भारतीय टीम का सबसे बड़ा स्कोर (325/5) रन रहा है। यहां इंग्लैंड का सबसे बड़ा स्कोर (282/9) रन है। इस मैदान पर सबसे छोटा स्कोर (85) जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के नाम है। भारतीय टीम का सबसे छोटा स्कोर (100) रन रहा है। इंग्लैंड का सबसे छोटा स्कोर (228/9) रन है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंडः** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

रोहित इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 7 मुकाबले खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 50.57 की औसत से 354 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन है। विराट कोहली ने यहां 9 मैच में 246 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए केविन पीटरसन और जो रूट ने इस मैदान पर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन (90) बनाए हैं।

### इन गेंदबाजों ने झटके हैं सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 10 विकेट लिए हैं। उन्होंने यहां 6 वनडे मुकाबले खेले थे और उनकी औसत 15.60 की रही थी। उन्होंने 3.04 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। भारत के सक्रिय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज के नाम सबसे ज्यादा 5 मैच में 8 विकेट है। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 3 मैच में 4 विकेट झटके हैं।

## राष्ट्रीय खेल

# रवीना और सर्विन ने जीता स्वर्ण, सभी नौ खिलाड़ियों ने तोड़ा पिछला रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| देहरादून

अभूतपूर्व नतीजे में मंगलवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की महिला 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा पूरी करने वाली सभी नौ प्रतिभागियों ने 26 साल पहले बने खेलों के रिकॉर्ड समय से बेहतर प्रदर्शन किया।

स्पर्धा में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया लेकिन दो स्पर्धा को पूरा नहीं कर पाए। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने अपनी प्रविष्टि भेजी थी लेकिन उन्होंने स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया। मणिपुर में 1999 के बाद इस स्पर्धा की राष्ट्रीय खेलों में वापसी हुई है। पिछले साल 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली हरियाणा की रवीना ने 45.52 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। सेना के सर्विन सबेस्टियन ने एक घंटा 21 मिनट 23 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1999 खेलों के दौरान इम्फाल में बनाए मणिपुर की वाई बाला देवी के 51.56 सेकेंड के खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं सर्विन का पिछला निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 21 मिनट 39 सेकेंड था।

### शालिनी ने रजत, मुनीता ने कांस्य जीता

उत्तराखंड की शालिनी (46.12 सेकेंड) ने रजत जबकि उत्तर प्रदेश की मुनिता प्रजापति (46:23 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। रवीना के बाद स्पर्धा पूरी करने वाली आठ प्रतिभागियों ने भी 51.56 सेकेंड के खेलों के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। इन्होंने निकाला पिछले से बेहतर समय : तमिलनाडु की मोकावी मुथुराथिनम (46.23 सेकेंड), उत्तराखंड की पायल (47.36 सेकेंड), उत्तर प्रदेश की रेशमा पटेल (48.16 सेकेंड), उत्तराखंड की मानसी नेगी (48.32 सेकेंड), महाराष्ट्र की सेजल सिंह (49.33 सेकेंड) और हरियाणा की मोनिका (51.45 सेकेंड) ने भी पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर समय निकाला।

### शेल्डन ने हर प्रारूप के क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** घरेलू क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी शेल्डन जैक्सन ने पेशेवर क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। वह पहले ही वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलना छोड़ चुके हैं। सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए जैक्सन ने 2006 में डेब्यू किया था। इंडियन प्रीमियर लीग में यह खिलाड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुका है। हालांकि, 38 साल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज को भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से खेलने का कभी मौका नहीं मिला।

**बढ़ती उम्र के कारण लिया संन्यास :** जैक्सन ने वनडे और टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद था, जिस तरह से सौराष्ट्र के युवा खिलाड़ियों ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला, उसने मुझे यकीन दिलाया कि मेरा समय पूरा हो गया है। मुझे यह सही नहीं लगा कि मैं किसी युवा खिलाड़ी की जगह लूं।

# पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच त्रिकोणीय सीरीज का तीसरा मैच आज



एजेंसी ▶▶| कराची

इस समय खेली जा रही त्रिकोणीय वनडे सीरीज का तीसरा मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 12 फरवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश करेगी। बता दें कि न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने शुरुआती 2 मैच जीतकर पहले ही फाइनल का टिकट हासिल कर चुकी है। पाकिस्तान और

### दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमें कुल 86 वनडे में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 52 में प्रोटियाज टीम जीती है और 33 मैच पाकिस्तान ने अपने नाम किए हैं। इस बीच 1 वनडे मैच बेनतीजा रहा है। दिलचस्प रूप से आखिरी 5 आपसी भिड़ंत में से पाकिस्तान ने 4 वनडे में जीत दर्ज की थी।

**पाकिस्तानी :** फखर जमान, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), खुशदिल शाह, कामरान गुलाम, सलमान आगा, तैय्यब ताहिर, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ और अबरार अहमद।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, जेसन स्मिथ, वियान मुल्डर, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मिहलाली मपोंगवाना, सेनुरान मुथुसामी, ईथन बॉश, जूनियर डाला, लुंगी एनगिडी और केशव महाराज।

# बतौर सलामी बल्लेबाजी में रोहित ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने बीते रविवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे वनडे मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। कटक के बाराबती स्टेडियम में हुए मैच में भारत की जीत के नायक रोहित शर्मा रहे, जिन्होंने शतक लगाया। इस बीच रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज, रनों के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। इस बीच 15,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

**वीरेंद्र सहवाग (16,119 रन)**
वीरेंद्र सहवाग ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का अंत 17,253 रन बनाने के साथ किया था। इसमें से 16,119 रन उन्होंने बतौर सलामी बल्लेबाज बनाए थे।

**रोहित शर्मा (15,404 रन)**
सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित ने 368 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 45.43 की औसत के साथ 15,404 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 264 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 44 शतक और 79 अर्धशतक लगाए हैं।

**सचिन तेंदुलकर (15,335 रन)**
सलामी बल्लेबाजों के रूप में सचिन तेंदुलकर ने 342 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 15,335 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 200* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 45 शतक और 75 अर्धशतक लगाए थे।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ : वारिकान ने जनवरी के लिए जीता पुरस्कार, वरुण चक्रवर्ती चूके

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने जनवरी 2025 के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के स्पिनर जोमेल वारिकान को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। उन्होंने पिछले महीने टेस्ट प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने भारत के वरुण चक्रवर्ती और पाकिस्तान के नोमान अली को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी तरफ महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को ये सम्मान मिला है।



### ऐसा रहा था वारिकान का प्रदर्शन

बाएं हाथ के स्पिनर वारिकान ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल किया, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। उन्होंने पहले टेस्ट में कुल 10 विकेट (3/69 व 7/32) और दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट (4/43 व 5/27) लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने सीरीज में 85 रन बनाए थे। 2 मैचों की वो टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था।

### कैसा रहा था वरुण और नोमान का प्रदर्शन?

चक्रवर्ती ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 टी-20 की सभी पारियों में कुल 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 9.86 की औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। उन्होंने सीरीज में एक पारी में 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा भी किया। उन्होंने जनवरी माह में 4 टी-20 मैचों में 12 विकेट अपने नाम किए थे। पाकिस्तान के नोमान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में 12.62 की औसत से कुल 16 विकेट लिए थे।

### यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है : वारिकान

वारिकन ने कहा, यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है। इस साल मेरा एक लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लेना था, लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि यह इतना बड़ा होगा। मैं इसे अपने क्रिकेट करियर में एक छोटा कदम मानता हूं, और मैं आगे भी कई कदम उठाने की उम्मीद करता हूं।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है
किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

### मिश्रित युगल पुरस्कार राशि 10 लाख डॉलर की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन अपनी मिश्रित युगल चैंपियनशिप का आयोजन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले के हफ्ते में कराएगा और उसे उम्मीद है कि प्रारूप में बदलाव तथा 10 लाख डॉलर की इनामी राशि से शीर्ष एकल खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस साल की स्पर्धा में 16 टीम दो दिन तक छोटे मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट आयोजकों का मानना है कि इससे खेल के सबसे बड़े स्टार खिलाड़ी आकर्षित हो सकते हैं जिनमें से कई खुद को एकल के लिए तरोताजा रखने के लिए लंबे समय से युगल से दूर रहे हैं।

# गुजरात टाइटंस को मिलेगा नया मालिक टोरेंट ग्रुप खरीदेगी इतनी हिस्सेदारी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीम गुजरात टाइटंस को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिलने वाला है। अहमदाबाद की टोरेंट ग्रुप समूह आईपीएल 2022 का खिताब जीतने वाली जीटी की ज्यादातर हिस्सेदारी अपने नाम करने वाली है। टोरेंट ग्रुप सीवीसी कैपिटल से फ्रेंचाइजी की 67 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने वाला है। सीवीसी कैपिटल ने 4 साल पहले यह टीम खरीदी थी। इसके लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो रही है।

### 5,625 करोड़ रुपये में सीवीसी कैपिटल ने खरीदी थी टीम

गुजरात टाइटंस की टीम को खरीदने के लिए साल 2021 में सीवीसी कैपिटल ने 5,625 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। टीम ने अपने पहले सीजन (2022) में ही हार्दिक पांड्या की कप्तानी में ट्रॉफी जीत ली थी। इसके बाद दूसरे सीजन (2023) में वह फाइनल तक पहुंचने में कामयाब रहे थे। आईपीएल 2024 में यह टीम 8वें स्थान पर रही थी। जीटी का घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम है, जहां 1 लाख से अधिक लोग मुकाबला देख सकते हैं।

### टोरेंट ग्रुप कितने पैसे देंगे?

15 फरवरी तक दोनों ग्रुप के बीच सबकुछ फाइनल हो जाएगा। टोरेंट ग्रुप ने कितने पैसे दिए हैं, यह गुप्त रखा गया है। अनुमान है कि 6,100 से 7,800 करोड़ रुपये वे भुगतान कर सकते हैं। टोरेंट ग्रुप 2021 में भी आईपीएल टीम खरीदना चाहते थे। सीवीसी कैपिटल बाजार के अनुसार पूरी रणनीति बनाकर चलता रहा है।




# यहां पर अचानक नदी का पानी हो गया लाल, खौफ में लोग, आखिर इसके पीछे की क्या है वजह

एजेंसी ▸▸| ब्यूनस आयर्स

दुनिया में आए दिन कई ऐसी घटनाएं घटती हैं, जो लोगों को हैरान कर देती हैं। अब एक नदी का पानी अचानक खून जैसा लाल हो गया है, जिससे वैज्ञानिक भी हैरान हैं। अब सवाल है कि आखिर नदी का पानी अचानक लाल क्यों हो गया है? इस लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की बातें की जा रही हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि प्रदूषण की वजह से नदी का पानी खून की तरह लाल हो गया है। दरअसल, यह पूरा मामला अर्जेंटीना का है। यह नदी अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के बाहरी इलाके सारंडी में बहती है, जिसका नाम रियो डी ला प्लाटा है।

### पानी के रंग लाल होने की अज्ञात वजह

स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी का पानी अलग-अलग रंगों बदलते हुए देखा गया है। कभी पानी नाली, तो कभी थोड़ा हरा हो जाता है। अधिकारियों ने पानी का रंग बदलने की वजह जानने के लिए नमूना लिया है। अब जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर नदी का पानी क्यों लाल हो गया है।



### लोगों के सता रहा इस बात का डर


नदी की पानी अचानक लाल होने के कारण आसपास के लोग डर गए हैं। ब्यूनस आयर्स में रियो डी ला प्लाटा नदी के पानी का लाल रंग देखकर लोगों के मन में सवाल खड़ा हो गया कि कहीं किसी ने इसमें जहर तो नहीं मिला दिया है।



### पानी लाल होने की क्या है वजह?

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक इकोलॉजिकल रिजर्व के पास तस्वीरों और वीडियो में असामान्य रंग का पानी नदी में गिरता दिख रहा है। नदी के पानी का रंग खून की तरह लाल होने के बाद स्थानीय लोगों को पानी के रासायनिक अपशिष्ट के कारण प्रदूषित होने का डर सता रहा है। ब्यूनस आयर्स के बाहरी इलाके में इंडस्ट्रियल इलाके के पास प्रदूषण की वजह से नदी का पानी लाल हो गया है।

# पृथ्वी के सबसे रहस्यमय हिस्से में हो रहा बड़ा बदलाव



**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने हमारी पृथ्वी के सबसे गहरे छिपे रहस्य के बारे में एक नया खुलासा किया है। वैज्ञानिकों ने हमारे ग्रह के आंतरिक कोर के आकार में परिवर्तन की पहचान की है। पृथ्वी का सबसे भीतरी हिस्सा, जिसे इनर कोर के रूप में जाता है, एक तरल धातु के बाहरी कोर से घिरी हुई है। दशकों से वैज्ञानिकों को संदेह था कि ठोस आंतरिक कोर समय के साथ विकृत हो गया है। अब शोधकर्ताओं ने आंतरिक कोर के आकार में बीते 20 साल में होने वाले परिवर्तनों का पहला सबूत पाया है।

- इनर कोर को लेकर वैज्ञानिकों ने किया बड़ा खुलासा, मिला सबूत

### इनर कोर की धीमी हो रही रफ्तार

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के लिए पृथ्वी में आने वाले भूकंप के डेटा का इस्तेमाल किया, जो पृथ्वी के केंद्र तक पहुंचने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली थे। अध्ययन के दौरान पाया कि आंतरिक कोर एक समय में पृथ्वी से भी तेज घूमता था, लेकिन 2010 के आसपास ठोस आंतरिक कोर का घूमना धीमा हो गया। यह अब पृथ्वी के बाकी हिस्सों की तुलना में पीछे की ओर घूम रहा है।सोमवार को नेचर जियोसाइंस पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में 1991 से 2023 तक जुटाए गए भूकंप के आंकड़ों का उपयोग करते हुए आकलन निकाला गया है। अध्ययन के प्रमुख लेख डॉ. जॉन विडेल ने कहा कि कोर रोटेशन पर वैज्ञानिकों के पिछले काम ने उन्हें भूकंपीय तरंगों की ऊंचाई में बदलावों की व्याख्या करने में मदद की। साउथ कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के डोर्नसाइफ कॉलेज ऑफ लेटर्स, आर्ट्स एंड साइंसेज में पृथ्वी विज्ञान के डीन प्रोफेसर विडेल ने सीएनएन को बताया कि हम उन संकेतों की तुलना कर सकते हैं, जो हम उस समय देखते हैं, जब आंतरिक कोर उसी स्थिति में वापस आ जाता है। ये ऐसे अंतर हैं, जिन्हें रोटेशन से समझाया नहीं जा सकता है।

### धरती का सबसे रहस्यमय हिस्सा

वैज्ञानिकों ने पाया है कि पृथ्वी की सभी परतों में आंतरिक कोर सबसे दूर और रहस्यमय है। लोगों और निकल से बना यह ठोस गोला चंद्रमा के आकार का लगभग 70 प्रतिशत है, जिसकी त्रिज्या लगभग 1221 किलोमीटर है। आंतरिक कोर में तापमान 9800 डिग्री सेल्सियस से भी गर्म होता है। यहां दबाव 365 गीगापास्कल तक पहुंच सकता है, जो धरती के औसत वायुमंडलीय दबाव का 30 लाख गुना अधिक है। कोर को सीधे देख पाना असंभव है। ऐसे में वैज्ञानिक भूकंपीय तरंगों के आकार और इसमें होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण करके इसका अध्ययन करते हैं। क्योंकि ये तरंगे कोर से होकर गुजरती हैं।

परीक्षण

# 2000 किलोमीटर दूर से ही दुश्मन को पहचान निकाल देगा कचूमर

## चीन ने पैदा की ऐसी ताकत

एजेंसी ▸▸| बीजिंग



चीनी मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने अपने एफ-35 लड़ाकू विमानों को उतारने का फैसला किया है। पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी हवाई ठिकानों पर लगातार चीनी मिसाइलों की बारिश होने का खतरा बना रहता है।

जिसके जवाब में अमेरिकी वायुसेना ने हाल ही में एक टेस्ट किया है, जिसका मकसद एफ-35 लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता को बढ़ाना था। अमेरिकी वायुसेना ने 59वें टेस्ट और मूल्यांकन स्क्वाड्रन ने नेवादा के नेलिस एयर फोर्स बेस पर ये टेस्ट किया है।

इस दौरान एफ-35 लाइटनिंग II फाइटर जेट को मिसाइल हमलों के खिलाफ करारा जवाब देने का परीक्षण किया गया है। लेकिन, अब जो रिपोर्ट आई है उसके बाद अमेरिका के पसीने छूट जाएंगे।

### अमेरिका अब क्या करेगा?

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक,चीनी वैज्ञानिकों के अनुसार, उन्नत इन्फ्रारेड डिटेक्शन सिस्टम से लैस एक स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप करीब 2,000 किमी (1,240 मील) दूर से स्टील्थ एयरक्राफ्ट जैसे अमेरिका में बने एफ-35 फाइटर जेट का पता लगा सकता है। इससे अमेरिका को नुकसान हो सकता है। और अमेरिका की पांचवीं पीढ़ी की स्टील्थ तकनीक में संभावित कमजोरी का पता भी चलता है।

### नई रिसर्च में क्या है दावा?

चीन की एंटी-एक्सेस/एरिया डिनायल क्षमताओं की खोज में एक महत्वपूर्ण छलांग है। चीन के मिसाइल और अंतरिक्ष कार्यक्रमों में एक प्रमुख में शामिल चांगचुन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्टिक्स, फाइन मैकेनिक्स एंड फिजिक्स के शोधकर्ताओं ने ताइवान को शामिल करने वाले नकली युद्ध परिदृश्यों में एफ-35 के इन्फ्रारेड सिग्नेचर का विश्लेषण किया। यह शोध मई में चीनी भाषा की पत्रिका एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में प्रकाशित हुआ था।

### दूर से दुश्मन का लग जाएगा पता?

टीम ने पाया कि जेट की रडार-अवशोषित कोटिंग और बाहरी सतह औसतन 281 डिग्री केल्विन (7.85 डिग्री सेल्सियस या 46 फ़ारेनहाइट) तक ठंडी हो गई, जिससे यह पारंपरिक पहचान से प्रभावी रूप से छिप गया, इसके इंजन निकास प्लम, जो लगभग 1,000 केल्विन तक पहुंच जाता है। इसके बाद एयरफ्रेम की तुलना में तीन गुना अधिक शक्तिशाली मध्य-तरंग अवरक्त विकिरण उत्सर्जित किया। जिसके बाद यह पता चला कि 2.8-4.3 माइक्रोमीटर तरंगदैर्ध्य रेंज पर ध्यान केंद्रित करके - जहां वायुमंडलीय हस्तक्षेप न्यूनतम है - और पारा-कैडमियम-टेल्यूराइड डिटेक्टरों और 300 मिमी एपर्चर दूरबीनों को तैनात करके, 20 किमी पर मंडराता हुआ मानव रहित हवाई जहाज 1,800 किमी से अधिक दूर एक एफ-35 के पीछे के थर्मल हस्ताक्षर को देख सकता है। जब विमान को बगल से या पीछे से देखा जाता है।

# महिला जिसे जीवन की हर बात है याद, साइंटिस्ट बता रहे इसे मेडिकल कंडीशन

**सिडनी।** आपको अपनी अब तक की जिंदगी का क्या-क्या याद है? क्या आपको सब कुछ याद है? नहीं ना, पर क्या आपको लगता है कि ऐसा हो सकता हैं। आप शायद कहें कि ऐसा व्यक्ति तो सुपर पॉवर वाला ही हो सकता हैं। दुनिया में एक महिला ऐसी भी है जिसे अपने जीवन का घटा हर पल, हर बात याद हैं। यहां बात हो रही है ऑस्ट्रेलिया की एक महिला की जिसके वह नामुमकिन होता है जो कि आम इंसान शायद कल्पना भी संभव नहीं देख पाता हैं। महिला का दावा है कि उसे अपनी जीवन का एक-एक क्षण याद है। यहां तक कि उसे अपने जन्म के पहले तक की भी कई बातें याद हैं। अजीब बात ये है कि खुद डॉक्टरों तक ने कहा है कि यह सही हैं।

### दुनिया में ऐसे कितने लोग?

रोचक बात ये है कि रेबेका दुनिया में ऐसे अकेली शख्स नहीं हैं। वे दुनिया के उन 60 लोगों में हैं जिन्हें इस तरह का विकार हैं। ये लोग दुनिया की आबादी के 0.00001 हिस्से के हैं। ऐसे लोगों को अपने जीवन के पैदाइश के पहले की भी बातें याद रहती हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि उनके अपना यह राज 21 साल की उम्र तक पता ही नहीं था।




# नहीं मिला डोनर तो शख्स को लगा दी सूअर की किडनी, फिर हुआ चमत्कार

**लंदन।** आज के समय में हमारे मेडिकल साइंस ने इतनी ज्यादा तरक्की कर ली है कि आज इसके सहारे डॉक्टर्स चमत्कार कर रहे हैं। जिससे जुड़े किस्से भी आए दिन खूब चर्चा में रहते हैं। ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों सामने आया है। जहां न्यू हैम्पशायर में डॉक्टरों ने जानवर की किडनी को इंसान में फिट कर दिया और वो अब अच्छे से भी काम कर रही है। डॉक्टर्स के इस काम को देखने के बाद सारी दुनिया में हैरान है, क्योंकि मरीज की हालत में लगातार सुधार हो रहा। डॉक्टरों ने 25 जनवरी को 66 साल के टिम एंड्रूज का ऑपरेशन करना पड़ा, क्योंकि वो पिछले दो सालों से लगातार किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। इसको लेकर उन्हें एक डोनर की जरूरत थी, लेकिन उन्हें कोई मिल ही नहीं रहा था।



### नहीं हो रही है कोई दिक्कत

जिसके बाद डॉक्टरों ने टिम से सूअर की किडनी के बारे में पूछा गया। जिंदा रहने की चाह में टिम ने डॉक्टरों को खुशी-खुशी इसकी मंजूरी दे दी। जिसके बाद डॉक्टरों ने अपना काम शुरू किया और टिम के भीतर सूअर की किडनी को फिट कर दिया। इसके बाद चमत्कार कुछ ऐसा हुआ कि किडनी ने अपना काम करना शुरू कर दिया। ट्रांसप्लांट के बाद किसी भी तरह के फेलियर के कोई संकेत भी नहीं दिए।











# महिला ने पाला अनोखा शौक, सिर के बाल जमा कर गिनने का जुनून



**न्यूयार्क।** शौक किसी भी तरह का हो सकता हैं। अजीब शौक पालने वालों की भी कमी नहीं हैं। कई लोग हैं जो अजीब चीजें जमा करते हैं। अनोखी चीजों में कई तो ऐसी होती है जिनके बारे में सुन कर सिर्फ हैरानी होती हैं। यूके की एक महिला को कुछ और नहीं अपने सिर के बाल जमा कर गिनने का शौक है और आप शायद यकीन नहीं करें। वह अब तक ठीक 30 हजार से ज्यादा बाल जमा कर चुकी है और एक-एक को गिन कर रखा हुआ हैं।

लिव रोज़ अपने कलेक्शन के बालों को गिनती हैं जो उन्होंने एक हेयर ब्रश में जमा कर दीवार पर टांग रखे हैं। महिला के बाल 22. 5 इंच लंबे हैं, जो अब कमर की नीचे तक पहुंच चुके हैं। उनका रूटीन बहुत ही सख्त है। उनके शौक के जुनून का आलम ये है कि वह अब तक 30 हजार बाल जमा कर चुकी हैं। अब यही बाल जमा करने का शौक लिव की आमदनी का जरिया हो गया है, क्योंकि उनके टिकटॉक वीडियो को 3.82 करोड़ लाइक्स मिल चुके हैं और उनके 447000 फॉलोअर्स बन चुके हैं। वे दावा करती हैं कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगता है और ना ही वे इसमें बहुत ज्यादा खर्च करती हैं।

### लिख रखा है पूरा हिसाब

लिव बालों की गिनती का हिसाब-किताब एक नोटबुक में दर्ज कर रखती हैं। इसके अलावा वो अपने शौक के सफर को सोशल मीडिया पर भी शेयर करती हैं। वे बताती हैं कि शुरू में उनके बाल अच्छे से जमा करने की कोई योजना नहीं थी। उन्हें केवल बाल संभाल कर रखने का शौक था और वे उसे विग में बदलने का सोचा करती थीं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com